


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 03, अंक 222 | ग्वालियर बुधवार 19 अगस्त 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8




### बाहरियों को रोकने के लिए मुख्यमंत्री का बड़ा ऐलान

## प्रदेश के युवाओं को ही सरकारी नौकरियां मिलें



**भोपाल।** अन्य राज्यों के लोगों को सरकारी नौकरी से रोकने के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने मंगलवार को एक बड़ा फैसला लिया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ऐलान किया कि केवल मध्य प्रदेश के युवाओं को सरकारी नौकरियां मिलें, इसके लिए कानूनी कदम उठाएंगे। शिवराज ने एक वीडियो जारी कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसके लिए जरूरी कानून बनाया जाएगा। मध्य प्रदेश के संसाधन केवल प्रदेश के बच्चों के लिए होंगे। अब तक मध्य प्रदेश सरकार की भर्ती के लिए पूरे देश से आवेदन मांगे जाते थे। इसमें कोई बंदिश नहीं थी, नौकरियों के देशभर से कोई भी आवेदन कर सकता था। हाल ही में जेल प्रहरी भर्ती का विज्ञापन भी ऑल इंडिया लेवल पर निकाला गया था। इसे लेकर मध्य प्रदेश के युवाओं ने काफी विरोध भी किया था। प्रदेश में 27 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को देखते हुए इसे बड़ा फैसला माना जा रहा है। हालांकि, ये तय होना बाकी है कि दूसरे राज्यों से आए जो लोग मध्य प्रदेश में रह कर रहे हैं, उनके लिए क्या नियम होंगे। साथ ही नई व्यवस्था कब से लागू होगी। इसका ऐलान नहीं किया गया है। सरकार ने ये साफ कर दिया है कि कानून में संसोधन किया जाएगा। अब तक एमपीपीएससी और अन्य नौकरियों के लिए देशभर से आवेदन आते थे, सभी को बराबर की भागीदारी थी, लेकिन नया नियम आने की स्थिति में केवल प्रदेश के निवासी ही सरकारी नौकरी के लिए आवेदन कर पाएंगे। राजनैतिक जानकार इसे बड़ा फैसला मानते हैं। वे सवाल भी उठाते हैं कि सरकारी नौकरी में प्रदेश के युवाओं को ही मौका देने का फैसला लिया गया है, लेकिन किस विभाग में कितनी नौकरी हैं, इसका कोई डेटा जारी नहीं किया। प्रदेश सरकार ने सबसे बड़े सेक्टर शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग में नौकरियां कॉन्ट्रैक्ट आधारित कर दी हैं। साथ ही प्राइवेट सेक्टर में रोजगार को लेकर भी सरकार ने फैसले में कुछ स्पष्ट नहीं किया है। प्राइवेट सेक्टर में रोजगार स्किल्ड युवाओं को मिलता है। ऐसे में अपने प्रदेश के युवाओं की स्किल कैपेसिटी बढ़ाने की तरफ भी सरकार को सोचना होगा।

### कमलनाथ बोले- यह चुनावी घोषणा बनकर न रह जाए



पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि मैंने अपनी 15 माह की सरकार में उद्योग नीति में परिवर्तन किया और 70ल प्रदेश के स्थानीय युवाओं को रोजगार देना अनिवार्य किया। आप (शिवराज) 15 वर्ष बाद आज युवाओं के रोजगार को लेकर नींद से जागे। लेकिन यह सिर्फ घोषणा बनकर ही न रह जाए। प्रदेश के युवाओं के हक के साथ छलावा न हो। मात्र चुनावी घोषणा बनकर न रह जाए, इस बात का ध्यान रखा जाए। अन्यथा कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। मंत्री कमल पटेल ने कहा कि कांग्रेस केवल कहती है, लेकिन करती कुछ नहीं है। इस फैसले से प्रदेश के युवाओं को रोजगार मिलेगा। उनके अवसर बढ़ जाएंगे। मैं कहता हूं कि सरकार के इस फैसले का कांग्रेस को स्वागत करना चाहिए, लेकिन उन्हें नौटंकी के अलावा कुछ नहीं आता।

## पीएम केयर्स फंड का पैसा राष्ट्रीय आपदा राहत कोष में जमा करने का नहीं दे सकते आदेशः सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर बने पीएम केयर्स फंड में जमा पैसों को लेकर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने सुनवाई के बाद कहा कि हम पीएम केयर्स फंड के पैसे को राष्ट्रीय आपदा राहत कोष में ट्रांसफर करने या फिर जमा करने का आदेश नहीं दे सकते हैं। इसको लेकर दायर याचिका को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नए राष्ट्रीय आपदा राहत योजना की कोई आवश्यकता नहीं है। आपको बता दें कि पीएम केयर्स फंड को लेकर विपक्ष ने लगातार केंद्र सरकार पर आरोप लगाए थे। वहीं सरकार ने उसमें जमा पैसों से देश के अस्पतालों को वेंटिलेटर्स, पीपीई किट, एन-95 मास्क बांटे। साथ ही लॉकडाउन में घर लौटे प्रवासी मजदूरों के खाने के लिए भी पैसे दिए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश के आम से लेकर खास लोगों ने पीएम केयर्स फंड में पैसे जमा किए थे।

### जम्मू-कश्मीर में एनकाउंटर

## 2 जवान शहीद, दो दिन में 3 आतंकवादी ढेर



**श्रीनगर।** बारामूला के करीरी इलाके में एनकाउंटर के दौरान घायल हुए दो जवान शहीद हो गए। इस एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने एक आतंकवादी को ढेर कर दिया है। ऑपरेशन अभी जारी है। कल से चल रहे इस एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने अब तक 3 आतंकवादियों को मार गिराया है। इसमें भाजपा नेता वसीम बारी का हत्यारा लश्कर कमांडर उस्मान भी शामिल है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कहा- मारे गए 3 आतंकियों में 2 लश्कर के टॉप कमांडर-सज्जाद उर्फ हैदर और उस्मान हैं। हैदर बांदीपोरा हत्याओं का मुख्य साजिशकर्ता है। वह युवाओं को आतंकी संगठन में भर्ती करता था। साथ ही पुलिस, नागरिकों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं पर हमलों में भी शामिल रहा है। कश्मीर आईजीपी विजय कुमार ने कहा कि विदेशी आतंकी उस्मान ने भाजपा नेता वसीम बारी, उसके पिता और भाई की हत्या की थी। इन दोनों आतंकियों की मुठभेड़ पुलिस और सुरक्षा बलों के लिए बड़ी उपलब्धि है। बारामूला में आतंकियों ने सोमवार सुबह सीआरपीएफ और पुलिस की संयुक्त नाका पार्टी पर हमला कर दिया था। हमले में 3 जवान शहीद हो गए थे। इसके बाद सुरक्षाबलों ने 2 आतंकी मार गिराए थे। इनमें एक लश्कर-ए-तैयबा का टॉप कमांडर सज्जाद उर्फ हैदर शामिल था। इसके बाद सोमवार शाम को ही कुलगाम में आतंकियों ने सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) कैंप को निशाना बनाया था। आतंकियों ने नेहमा में कैंप के बाहर सीआरपीएफ बंकर पर हमला किया। हमले में एक जवान घायल हुआ था। बारामूला जिले के सोपोर कस्बे में 1 जुलाई को भी सीआरपीएफ की पार्टी पर आतंकियों ने हमला किया था। हमले में एक जवान शहीद हो गया और 3 जख्मी हुए थे। आतंकियों की फायरिंग की चपेट में आए एक नागरिक की भी मौत हो गई थी। मारे गए व्यक्ति के साथ उनका 3 साल का पोता भी था। सिक्योरिटी फोर्सेज ने बच्चे को सुरक्षित निकाल लिया था।

### प्रशांत भूषण विवादः शीर्ष कोर्ट में मंथन, सिटिंग जज के खिलाफ कैसे की जाए शिकायत?

**नई दिल्ली।** देश की सर्वोच्च न्यायपालिका की अवमानना के मामले में वरिष्ठ वकील और सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत भूषण को कोर्ट से राहत नहीं मिली हो, लेकिन सोमवार को हुई सुनवाई के बाद शीर्ष कोर्ट ने अपने गिरेबान को झांकने का निर्णय किया है। कोर्ट ने कहा कि



प्रशांत भूषण ने कोर्ट के सिटिंग जज को लेकर जो आरोप लगाए थे, वह एक जरूरी बात को सामने लाता है। कोर्ट के सिटिंग जज को लेकर अगर कोई शिकायत है तो उसका तरीका क्या होना चाहिए, यह एक महत्वपूर्ण सवाल है। प्रशांत भूषण ने 2009 में कहा था कि 16 पूर्व सीजेआई में आधे से ज्यादा करप्ट थे। सोमवार को इस मामले में सुनवाई हुई जिसमें तीन प्रमुख बातें सामने आई थीं। जस्टिस अरुण मिश्रा ने उनसे पूछा कि क्या आप प्रेस से बात करना चाहते हैं? इसके अलावा अगर आपको किसी जज से कोई शिकायत है तो इसकी प्रक्रिया क्या होनी चाहिए साथ ही किन परिस्थितियों में इस तरह के आरोप लगाए जा सकते हैं, ये भी एक सवाल है। अवमानना केस में प्रशांत भूषण दोषी करार, जानिए क्या सजा मिल सकती है इस मामले की अगली सुनवाई अब 24 अगस्त को होगी। 10 अगस्त को जस्टिस अरुण मिश्रा, जस्टिस गवई और जस्टिस कृष्ण मुरारी ने कहा था कि प्रशांत भूषण ने करप्शन के जो आरोप लगाए हैं, वह कोर्ट की अवमानना है या नहीं उससे पहले कई बातों को समझना काफी जरूरी है।

## चुनाव आयुक्त अशोक लवासा का इस्तीफा

### लवासा अगले महीने एशियन डेवलपमेंट बैंक ज्वाइन करेंगे



**नई दिल्ली।** चुनाव आयुक्त अशोक लवासा ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। लवासा अगले महीने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ज्वाइन करेंगे। 1980 बैच के रिटायर आईएएस लवासा मुख्य चुनाव आयुक्त बनने के दावेदार थे। 62 साल के लवासा को जनवरी 2018 में चुनाव आयोग में चुनाव आयुक्त बनाया गया था। उनका दो साल का कार्यकाल बाकी था। 2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान लवासा ने आचार संहिता उल्लंघन के आरोपों पर नरेंद्र मोदी और अमित शाह को चुनाव आयोग की क्लीनचिट का विरोध किया था लवासा ने प्रधानमंत्री के चार भाषणों और भाजपा अध्यक्ष अमित शाह के भाषण को क्लीन चिट दिए जाने के मामले पर असहमति जताई थी। फुल कमीशन (मुख्य चुनाव आयुक्त समेत दो अन्य आयुक्त) की मीटिंग में 2-1 से फैसले से मोदी को क्लीन चिट दी गई थी। अन्य कमिश्नरों को इन नेताओं के भाषणों में आचार संहिता के उल्लंघन जैसी कोई बात नजर नहीं आई थी। इसके बाद लवासा ने आचार संहिता उल्लंघन मामले पर होने वाली मीटिंग से भी खुद को अलग कर लिया था। उन्होंने इस बारे में मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा को पत्र भी लिखा था।



नई दिल्ली में मंगलवार को आगामी गणेशोत्सव को लेकर भगवान श्री गणेश की मूर्ति को अंतिम रुप देते मूर्तिकार।

## अभिनेता सलमान खान की हत्या की साजिश लॉकडाउन के चलते नहीं हो सकी कामयाब



**नई दिल्ली।** पुलिस की गिरफ्त में आए एक शार्प शूटर ने खुलासा किया है कि अभिनेता सलमान खान की हत्या की साजिश रची जा रही थी। उसने बताया कि लॉकडाउन के चलते ये साजिश कामयाब नहीं हो पाई। ये साजिश हरियाणा, पंजाब और राजस्थान के कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गैंग ने रची थी। गैंग के शार्प शूटर राहुल उर्फ सांगा उर्फ बाबा को फरीदाबाद पुलिस ने 15 अगस्त को उत्तराखंड से गिरफ्तार किया था। पुलिस के मुताबिक, लॉरेंस बिश्नोई ने सलमान की हत्या की जिम्मेदारी राहुल को दी थी। राहुल इस साल जनवरी में मुंबई गया था। वहां उसने सलमान खान के बांद्रा स्थित बंगले के पास 3 दिन तक रेकी की थी। पुलिस 24 जून को फरीदाबाद में हुई एक युवक की हत्या की जांच करते-करते शार्प शूटर राहुल तक पहुंची थी। राहुल ने प्रवीण नामक युवक की हत्या की थी। गैंग के 4 अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया। डीसीपी ने बताया कि शार्प शूटर ने पूछताछ में सलमान की हत्या की साजिश का खुलासा किया। उसने बताया कि उसे जोधपुर की जेल में बंद कुख्यात बदमाश लारेंस बिश्नोई ने मुंबई जाकर सलमान खान की रेकी करने का टारगेट दिया था। वारदात को बाद में अंजाम देना था। लेकिन, उससे पहले ही लॉकडाउन हो गया। दिसंबर 2019 में राहुल उर्फ बाबा ने ही दिल्ली से बदमाश नरेश शेट्टी को पुलिस की आंखों में मिर्च झोंककर कस्टडी से भगाया था लॉरेंस बिश्नोई ने काले हिरण के शिकार को लेकर सलमान खान को मारने की धमकी पहले भी दी थी। इसके पीछे एक वजह यह है कि राजस्थान का बिश्नोई समाज काले हिरण की पूजा करता है।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com


### 13 गेट खोले गए, 8 जिलों में हाई अलर्ट

## मप्र के कई क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश उफनाया बरगी डैम



जबलपुर। जबलपुर में बरगी डैम के कैचमेंट एरिया में हुई भारी बारिश के चलते डैम का जलस्तर तेजी से बढ़कर खतरे के निशान को छू रहा है। साथ ही जबलपुर में ग्वारी घाट और नर्मदा मंदिर समेत सभी घाट डूब गए हैं। इस वजह से प्रशासन ने बरगी डैम के 13 गेट खोलने का निर्णय लिया है। मंगलवार को दोपहर तक आठ गेट खोले जा चुके थे। बरगी डैम से एक लाख 21 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा। इसे देखते हुए 8 जिलों को हाईअलर्ट कर दिया गया है, इसमें सिवनी, मंडला, नरसिंहपुर, होशंगाबाद, सीहोर, खरगोन और कटनी जिले शामिल हैं। मंगलवार को बरगी डैम को खोलने के लिए प्रशासनिक अमला भी मौके पर पहुंचा। हर साल अच्छी बारिश होने पर जुलाई में ही बरगी डैम के कुछ गेट खोलने पड़ते थे, लेकिन इस बार बारिश देरी से हुई, लेकिन अगस्त में जमकर बरसा। इस वजह से बरगी डैम के गेट खोले गए। बरगी डैम के गेट खुलने पर यहां का नजारा देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र होते थे, लेकिन इस बार कोरोना की वजह से लोगों को आने से रोक दिया गया है। डिंडोरी जिले करंजिया विकास खंड के अंतर्गत कस्बा गोरखपुर सहित अंचल में देर रात मूसलाधार बारिश हुई। जिसकी वजह से नदी-नाले उफान पर आ गए और कस्बा के पास से बहने वाली सिवनी नदी के पुल के ऊपर से पानी बहने लगा। इससे जबलपुर-अमरकंटक मार्ग हुआ बंद हो गया। इसके आलावा सोमवार की शाम से सढ़वा-झनकी मार्ग और गोरखपुर-सैलवार मार्ग पर बाढ़ आने से यातायात बंद हो गया है। भारी बारिश से सोयाबीन की फसल प्रभावित हुई। डिंडोरी में तेज बारिश से खरमेर नदी उफान पर है। ग्राम किसलपुरी के पास पुल में पानी आने से डिंडोरी-मंडला मार्ग बंद हो गया। मुख्य मार्ग पर जगह-जगह पेड़ गिर गए हैं। कटनी जिले में मंगलवार सुबह से हो रही बारिश, अच्छी बारिश से शहर के कई इलाकों में गलियों में पानी भर गया है। जानकारी के अनुसार इस बारिश में यहां मोहन लाल पिता गयादीन नामदेव निवासी बरनमहगवां बरही का घर गिर गया है। सुबह से तेज बारिश के कारण शहर कई स्थानों पर बिजली व्यवस्था भी प्रभावित हो गई है।

# गंदगी छोड़ो भारत अभियान द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना माधव महाविद्यालय ने चलाया अभियान

**ग्वालियर।** स्वच्छ भारत अभियान के साथ भारत को स्वच्छता में नंबंर 1 लाने के लिये भारत सरकार द्वारा गंदगी छोडो भारत अभियान चलाया जा रहा है। कोविड-19 के समय इस महामारी से लड़ने में स्वच्छता सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। स्वच्छता के द्वारा ही हम कोरोना संकटकाल को टालकर अपने देश को सुरक्षित रख सकते हैं। यह बात गंदगी छोडो भारत अभियान के दौरान वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार पाण्डेय राष्ट्रीय सेवा योजना माधव महाविद्यालय ने कही। स्वच्छता सर्वोपरि है। जिसके लिए वर्षा ऋतु में खेतों व सड़को के आस-पास उगने वाली गाजर घास को उखाड फैंकने का कार्य माधव महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा डॉ. संजय कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में चलाया गया।

### गाजर घास है अभिशाप खेती के लिए, उखाड़ फैंका एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने



डॉ. पाण्डेय ने कहा कि गाजर घास वर्षा के समय काफी फैलती है और इसके बीज जहां जहां गिरते हैं वह जमीन भी उपजाऊ नहीं रह पाती है। इस जमीन का उपयोग खेती कर पाने में काफी समस्या का सामना करना पडता है। समय रहते यदि इसको उखाड कर फैंक दिया जाये और इसके फूलों को गिरने से रोक लिया जाये तो हम बंजर जमीन को खेती करने योग्य बना सकते हैं। कार्यक्रम में हेमन्त मांझी, यश किरार, अनिरूद्ध शर्मा, अनुभव दीक्षित, अंकुश अरोरा, ऋतिक नरवरे, तरूण रोहिरा, अंकुर चौरसिया, योगेश माहौर, पूर्वी बोरगांवकर, साक्षी गुप्ता, अभय राणा, विनय प्रताप सिंह राजावत, करण बरूआ, लितेश कटारे, हार्दिक सिंह खलाटे, कु. वैष्णवी आदि लोग उपस्थित थे।

## मिशन ग्रीन के तहत सीआरपीएफ 6 बटालियन के द्वारा किया पौधारोपण



**रघुवीर ठाकुर रियासी/कटरा**

कटरा 18 अगस्त मिशन ग्रीन के तहत सीआरपीएफ 6 बटालियन के द्वारा आज धर्म नगरी कटरा में पौधारोपण का प्रोग्राम आयोजित किया गया जिसमें बहुत प्रकार के पौधों को लगाया गया इसके साथ ही कोरोना के चलते देश व दुनिया में इस वायरस को लेकर हाहाकार मचा हुआ है इस कार्यक्रम में विशेष भूमिका निभाते हुए कटरा के शिवकुमार शर्मा वा उनकी टीम ने पौधारोपण कार्यक्रम में काफी योगदान दिया है शिवकुमार शर्मा व उनकी टीम मैं इस कोरोना काल में अहम भूमिका निभाते हुए जिला के अन्य क्षेत्रों में बहुत सारे सराहनीय कार्य किए हैं जैसे गरीब लोगों को राशन वितरित करना, मास्क व सनिटाइजर वितरित करना इसी तरह से जाने कितने ही कार्य शिवकुमार शर्मा की अध्यक्षता में किए जा रहे हैं लोगों ने उनकी इस कार्यशैली को काफी सराहा है

## इलाइट प्ले स्कूल सिंधिया स्टेच्चू ग्वालियर में स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर इंडियन वेटरन्स के द्वारा ध्वजा रोहन किया गया।




**ग्वालियर।** इंडियन वेटरन्स एक सामाजिक संगठन है जो कि देश की सेवा से रिटायर्ड फौजी जवानों द्वारा गठित किया गया है कैप्टन आरपी सिंह इसके नेशनल वाइस प्रेसिडेंट है।इस कार्यक्रम का आयोजन यूथ प्रेसिडेंट व समाज सेवी रिटायर्ड जवान सोनू जादौन जी के द्वारा किया गया । श्री सोनू सिंह जादौन जी ने अपने ओजस्वी भाषण में युवाओं के अंदर देशभक्ति की एक नई ऊर्जा दी उन्होंने बताया कि किस तरह देश की रक्षा में हमारे देश के जवान कुरवानियां देते हैं उन वीर सपूतों की कुरवानियों को हम हमेशा याद करते रहेंगे व पूरा देश गर्व महसूस करता है उन बलिदानियों को जिनकी वजह से हम आज आज़ाद भारत में सांस ले रहे हैं इसके साथ ही सभी साथियों के साथ मिलकर देश के शहीद वीरों को याद किया गया व बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस को मनाया गया इस अवसर पर श्री सोनू जादौन जी ने कारोना महामारी से बचने व के उपाय भी बताए और मास्क भी वितरित किए । इसके साथ ही तमाम पूर्व जवानों के साथ समाज सेवी भी मौजूद रहे । रिटायर्ड मेजर जनरलआरपीएस भदौरिया , रिटायर्ड मेजर जनरल जेकेएस परिहार एसएमवी एसएम, पूर्व कैप्टन जोगेंदर सिंह सेंगर, पूर्व कैप्टन राम सिंह तोमर, डिस्टिक प्रेसिडेंट ग्वालियर , पूर्व फौजी केएस सिकरवार, पूर्व फौजी बीएस तोमर, व समाज सेवी राष्ट्रीय मां भवानी राजपूताना संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सत्येन्द्र सिंह भदौरिया जी व समाज सेवी विशाल सिंह बिसेन भी मौजूद रहे । मीडिया सेल जिला ग्वालियर राष्ट्रीय मां भवानी राजपूताना संघ।

## कैंप लगाकर निर्माण कर्मियों को किया जागरूक

**सुंदरबनी।** जिला राजौरी के उपजिला सुंदरबनी में लेबर विभाग रजौरी द्वारा कैंप लगाकर विभिन्न गांव को जागरूक किया गया द्य सुंदरबनी के गांव लमन और तहसील बेरीपत्तन के गांव ढोक बनियाड में लेवर विभाग की राजौरी द्वारा एक जागरूक कैंप लगाया गया द्य इस मौके पर ब्लॉक डेवलपमेंट काउंसिल के चेयरमैन अरुण कुमार शर्मा भी उपस्थित थे द्य इस मौके पर बोलते हुए अरुण कुमार शर्मा ने कहा कि निर्माण कर्मियों को पंचायत लेवल में जाकर लेबर कार्ड योजनाओं के लिए जागरूक किया जाएगा द्य इस मौके पर इनस्पेक्टर लेबर डिपार्टमेंट और लेबर डिपार्टमेंट के स्टाफ मेंबर्स मौजूद थेद्य इंस्पेक्टर लेबर डिपार्टमेंट ने लोगों को बताया कि लेबर कार्ड में बहुत ही कल्याण कारी योजनाए होती है



लेबर विभाग के इंस्पेक्टर नासिर मलिक ने कहा शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता क्लास नर्सरी से लेकर ग्रेजुएट, अंडर ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों को लेबर विभाग की तरफ से दी जाती हैं और इसके साथ चोट हेतु वित्तीय सहायता, अस्थाई विकलांगता हेतु वित्तीय सहायता, पुरानी बीमारियों के उपचार के लिए वित्तीय सहायता, पंजी कर्मियों की मृत्यु हो जाने की स्थिति में आश्रितों को वित्तीय सहायता आदि बहुत सारे लाभ प्राप्त होते हैंद्य इसके ईलावा शिक्षा वित्तीय सहायता में पैरामेडिकल डिप्लोमा कोर्स, आईटीआई डिप्लोमा कोर्स आदि से भी लाभ प्राप्त होते हैंद्य लेबर विभाग रजौरी अधिकारियों द्वारा बताया गया लेबर कार्ड बनाने के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक अकाउंट, डॉक्टर का प्रमाण, स्कूल सर्टिफिकेट ऑनलाइन करने के लिए जरूरी हैं द्य लेबर कार्ड बनाने के लिए 18 वर्ष पूरे और 60 वर्ष से कम होना अनिवार्य है और इसके साथ किसी निर्माण कार्य में कम से कम 90 दिनों के लिए कार्यरत होना चाहिए द्य उन्होंने कहा लेबर कार्ड बनने के बाद बेनिफिट फाइल तैयार की जाएगी और उसके बाद निर्माण कर्मियों को वित्तीय सहायता दी जाएगी द्य स्थानीय लोगों ने बीडीसी चेयरमैन अरुण कुमार शर्मा का शुक्रिया अदा किया कि वह विभिन्न योजनाएं जमीनी स्तर पर पहुंचा रहे हैं और इसके साथ साथ लेबर विभाग राजौरी के इंस्पेक्टर और उनके स्टाफ नंबर का भी शुक्रिया अदा किया द्य

## गोदन थाना पुलिस को मिली बड़ी सफलता 10600/- सहित तीन जुआरी को किया गिरफ्तार

**दतिया।** गोदन थाना प्रभारी ने बताया की पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर के आदेश अनुसार अपराधियों की धरपकड़ हेतु यह गए निर्देशों का पालन मैं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर डी प्रजापति एवं एसडीओपी भांडेर मोहित कुमार यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गोदन रमेश जाट ने और उनकी टीम द्वारा 15/08/2020 को मुखबिर की सूचना पर नहर रपट के पास जागीरदार की कोठी मौजा में जुआ खेलते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया संजय पुत्र रामनरेश किरार उम्र 28 साल निवासी मीठारी विमल तिवारी पुत्र राधेराम तिवारी उम्र 22 साल निवासी उडीना रामसेवक पुत्र संतोष यादव उम्र 25 साल निवासी उडीना को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से 10600/- रुपए एवं एक ताश की गड्डी जप्त की गई आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई ????उक्त मैं कार्यवाही में थाना प्रभारी रमेश जाट सुनकेस त्रिपाठ आर 09 सतीश शर्मा आर 800 मुकेश तोमर रविंद्र कुमार आनंद पा पालिया की अहम भूमिका रही।



## पर्यावरण संजीवनी संस्थान के तहत भावी गोशाला में लगाए 171 पोधे

**नारायणलाल सैणचा**

जोधपुर~भावी कस्बे में श्री वासुदेव मुनि गोशाला में बुधवार को पर्यावरण संजीवनी संस्थान के सरक्षक पर्यावरण प्रेमी कांनाराम पितावत की मौजूदगी में पौधरोपण कार्यक्रम में आयोजित किया गया इस मोके ओर कानाराम पितावत ने बताया की धरती पर बसने वाले सभी जीव जंतु से लेकर इंसान तक पेड़ पौधों का कर्ज कभी नही चुका सकते क्योकि पेड़ हमे आक्सीजन, लकड़ियां, सभी प्रकार की जीवनदायक औषधियां देते है । इस मौके पर राषटीय स्वयं सेवक संघ बिलाडा खण्ड के प्रभारी प्रकाश चौहान एव अध्यक्ष गोविंद सीरवी ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का अहम हिस्सा है जो हम उनके



बिना हमारा जीवन अधूरा है गोशाला में लगाये सभी पोधे पर्यावरण प्रेमी कानाराम पितावत ने सरक्षंण का जिमा लिया । इस कार्यक्रम में 171 पोधे गोशाला परिसर में लगाये गए। इस मौके पर बिलाडा उपखंड अधिकारी सरपंच सुराराम सीरवी, उपसरपंच शायररम सरंक्षक कानाराम पितावत,अध्यक्ष गोविंद सीरवी ,कोषाध्यक्ष अशोक कुबावत ,चुतराराम आर्य,अशोक आर्य,प्रकाश चौहान, दिनेश ,देवेंद्र ,घेवरराम विश्नोई, हापुराम विश्नोई ,श्यामलाल विश्नोई, अनिल ,सुनील ,लक्मन सोहू,दुर्गाराम सोलंकी सहित कई जने मोके पर मौजूद थे ।





## राष्ट्रीय बजरंगदल जगनेर ने मनाया अखंड भारत संकल्प दिवस

**राजकुमार राजपूत खेरागढ़।**

जगनेर राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार जी के सानिध्य में निमित्त नयागांव तातपुर में संकल्प सभा मैं बताया हमें नहीं चाहिए गंगा जमुना तहजीब हमें चाहिए अखंड भारत हमें चाहिए बाबू सुभाष चंद्र बोस सावरकर चंद्रशेखर आजाद भगत सिंह राजगुरु सुखदेव पंडित बिस्मिल का अखंड जगदगुरु भारत जान देने की रुत रोज़ आती नहीं हुस्न और इश्क दोनों को रुसवा करे वो जवानी जो खूँ में नहाती नहीं आज धरती बनी है दुल्हन साथियों अब तुम्हारे हवाले वतन... इस संकल्प को जिन्होंने आत्मसात कर भारत के लिए सर्वोच्च नो छावर किया ऐसे ही वीर योद्धाओं को शत-शत नमन हमें चाहिए बप्पा रावल जिन्होंने गीता पढ़कर अखंड भारत किया मक्का मदीना तक हिंदू साम्राज्य स्थापित किया जिस में मौजूद जिला अध्यक्ष जीतेश ठाकुर जिला महामंत्री हनुमान सिकरवार जिला गोरक्षा प्रमुख रवि परिहार जिला मंत्री अज्जू चौहान जिला उपाध्यक्ष आकाश धाकरे जिला मीडिया प्रभारी सुनील परमार जिला मंत्री संजू बाबा जिला उपाध्यक्ष शिवम परिहार जिला उपाध्यक्ष मानवेंद्र परमार छोटू परमार जिला सुरक्षा प्रमुख रामू परमार रूपे परमार हरि सिंह परमार डॉक्टर भावेश परमार जिला स्वास्थ्य सलाहकार हरि सिंह परमार तहसील अध्यक्ष पंकज तोमर अनूप बाल्मीकि योगेश राजपूत संदीप सिकरवार और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे

## विदाई समारोह में महेश शर्मा का शानदार किया गया स्वागत



**पाली।** नरेश कुमार सिरवी. पाली जिले के रानी उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत.चाचोडी. भारतीय स्टेट बैंक कैसियर महेश शर्मा का आज विदाई समारोह ग्रामीणों द्वारा शानदार तरीके से किया गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक ब्रांच.चाचोडी. ब्रांच मैनेजर अनिल कुमार मीणा द्वारा बताया गया कि महेश शर्मा का प्रमोशन भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक पथमेड़ा में हुआ.भारतीय स्टेट बैंक ब्रांच मैनेजर अनिल कुमार मीणा द्वारा महेश शर्मा का शानदार विदाई स्वागत किया गया जिन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया किया गया. रानी उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत.चाचोडी. ब्रांच की शुरुआत से अब तक महेश शर्मा द्वारा शानदार सेवाएं दी गई. आज विदाई समारोह मेंऑल इंडिया कांग्रेस संगठन के जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह राजपुरोहित द्वारा बताया गया कि आज एक अमूल्य अनमोल रत्न को विदाई कर रहे . महेश शर्मा की शानदार सेवा उत्कृष्ट कार्य को हमेशा भारतीय स्टेट बैंक ब्रांच.चाचोडी. के लिए याद किया जाएगा. लेकिन आज हमें सबसे ज्यादा खुशी का समय कि आज हमारे ब्रांच के कैशियर ब्रांच मैनेजर बन कर यहां से विदाई ले रहे . राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सक ग्राम पंचायत.चाचोडी. धनराज मीणा द्वारा दी गई महेश शर्मा के उत्कृष्ट सेवाओं की सराहना की और बताया कि महेश शर्मा इसी ब्रांच से प्रमोशन होकर अगली ब्रांच मैनेजर बने. भारतीय प्रशासनिक अधिकारी अनिल कुमार मीणा और धनराज मीणा द्वारा आज अपने साथी अधिकारी का शानदार विदाई स्वागत किया गया.

# पश्चिम बर्दवान के बढ़ते कदम माटीर सृष्टि योजना श्रमिकों के लिए वरदान साबित

पश्चिम बंगाल सरकार की माटीर सृष्टि योजना पशचमांचल के श्रमिकों के लिए वरदान साबित हो रही है. इससे जहां कोरोना काल में बेरोजगार हुए हजारों श्रमिकों रोजगार मिल रहा है तो वहीं क्षेत्र के विकास में यह योजना मील का पत्थर साबित हो रही है. माटीर सृष्टि योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा बंजर पड़ी सरकारी जमीन को विभिन्न कामों जैसे बागवानी, मतस्य पालन और पशुपालन आदि के लिए विकसित कर लोगों को कई तरह के रोजगार दिये जा रहे हैं. अब से कुछ समय पहले तक इस बंजर जमीन पर ना तो कोई प्रकृतिक रूप में पैदावार होती थी और ना ही किसानों उसे पट्टे पर लेते. गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 13 द्व्ड्ड4 2020 को पश्चिम बंगाल के ग्रामीण इलाकों में कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने



के लिए मटीर सृष्टि योजना की घोषित की थी. इस योजना के तहत राज्य में पश्चिमांचल के नाम से मशहूर 6 जिलों पश्चिम बर्दवान, वीरभूम, पुरुलिया बांकुरा, झाड़ग्राम और पश्चिम मिदनापुर की कम से कम 50000 एकड़ बंजर पड़ी भूमि को विकसित करके उसमें बागवानी और कृषि आधारित काम किए जाने है. माटीर सृष्टि योजना को जिला शासक के द्वारा मूर्त रूप दिया जा रहा है. इस परियाजना मे किसान सहकारिता समिति और स्वयं सहायता समूह की भी भागीदारी है. ममता सरकार को उम्मीद है कि इस योजना से पश्चिमअंचल के गरीब ढाई लाख किसान व खेतिहर मजदूर लाभावित होंगे. ममता ने इसे कृषि क्षेत्र में नवजागरण पैदा करने वाला जय बांग्ला प्रोजेक्ट करार दिया. पुष्पांजलि टुडे के पश्चिम बर्दवान के ब्यूरो चीफ अमन राय ने जब इस योजना का जमीनी स्तर पर जायजा लिया, तो उन्होंने पाया कि जिले के अंडाल के काजोरा पंचायत, काकसा के अमलाजोरा पंचायत, जमुरिया के बहादुरपुर पंचायत के घसल गांव, चाकदोला समेत कई बंजर क्षेत्रों में काम शुरू हो चुका है और जिला शासक से लेकर बीडियो तक मौके पर जाकर परियोजना के काम का जायजा ले रहे हैं. पश्चिम बर्दवान जिले में जब इस योजना की शुरुआत की गई तो जिले के डीएम पुर्णेन्दु माजी ने इसे अपनी उच्च प्राथमिकता में रखा है. यह वह समय था जब करोना महामारी के चलते उद्योग धंधे चौपट हो गए थे और हजारों श्रमिक बेरोजगार हो गए थे. जिला शासक ने संबंधित विभागों के माध्यम से सबसे पहले जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बंजर पड़ी भूमि की पहचान करवाई और फिर उसे विकसित करने के लिए युद्ध स्तर पर काम शुरू करवाया. जहां-जहां संसाधनों की अनुपलब्धता थी, वहां संसाधन विकसित किए गये. सिंचाई के साधन लगाए गये. बंजर जमीन पर पहुंचने के लिए सड़के विकसित की गयी. इसके बाद जमीन की गुणवत्ता, उपयोगिता, मौसम और वहां उपलब्ध संसाधनों के आधार पर आम संतरा, अमरुद, खजूर, पपीता केला, और दूसरे पेड़ों की बागवानी की गई. साथ मछली पालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन आदि रोजगारपरक और पर्यावरण के अनुकूल कृषि आधारित लघु उद्योग शुरू करवाए गये. इसमें जहां स्थानीय लोगों को वरीयता दी गई, तो वही किसान सहकारिता समूह और महिला स्वयं सहायता समूह भी शामिल किए गये. इससे जहां हजारों स्थानीय लोगों को रोजगार मिला, तो वहीं लंबे समय से बंजर पड़ी जमीन की लहलहा उठी. इसी का परिणाम रहा के जो इलाके कभी बंजर हुआ करते थे और जहां लोग जाना भी पसंद नहीं करते थे. वो आज ना केवल लोगों को रोजगार मुहैया करवा रहे है, साथ ही विकास की नई इबारत भी लिख रहे है. आज वहां की आबोहवा देखते ही बनती है.

# शासकीय सेवाओं में मध्यप्रदेश के ही विद्यार्थी लिए जाएंगे

## मुख्यमंत्री चौहान द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर की गई जन-कल्याण की घोषणाओं के क्रियान्वयन पर मंत्रीगण से चर्चा की

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जनकल्याण के लिए संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की गति बढ़ाई जाए। स्वतंत्रता दिवस 2020 पर की गई व्यापक जनहित की घोषणाओं, आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए रोडमेप और उसके अमल के साथ ही उन योजनाओं को जमीन पर उतारने के पूरे प्रयास किए जाएं, जिनका क्रियान्वयन गत वर्ष गंभीरता से नहीं किया गया। विभिन्न कार्यों के लिए शिलान्यास और लोकार्पण भी भौतिक रूप से और जहां कोरोना का प्रभाव है वहां तकनीक के माध्यम से संपन्न किए जाएं। सोशल डिस्टेंसिंग और अन्य सावधानियों का पालन करते हुए इनमें विभिन्न मंत्री सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वे स्वयं भी लोकार्पण कार्यक्रमों में जाएंगे। कोरोना पर नियंत्रण की दृष्टि से स्थितियां सामान्य होते ही ये कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में शासकीय सेवाओं में प्रदेश के ही विद्यार्थियों को लिया जाएगा। इसके लिए आवश्यक वैधानिक प्रावधान किए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज वीडियो कान्फ्रेंस द्वारा सभी मंत्रीगण, मुख्य सचिव, विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव आदि से चर्चा करते हुए कहा कि समृद्ध मध्यप्रदेश के लिए अधिक से अधिक प्रयास किए



जाएं। प्रयासों की पराकाष्ठा होना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि विभागों की भूमिका सक्रिय रहे और विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर परिणाम प्राप्त किए जाएं। आत्मनिर्भर भारत के रोडमेप के लिए मंत्री समूह आगामी 25 अगस्त तक अपनी रिपोर्ट दे दें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने एक सितम्बर से मंत्रियों के हाथ से खाद्यन्न वितरण अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी तैयारियां प्रारंभ की जाएं। कलेक्टर्स को भी इसी सप्ताह वीडियो कान्फ्रेंस द्वारा निर्देश दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना काल में विभिन्न वर्गों के हित में राशि प्रदान की गई। अर्थिक गतिविधियों की शुरुआत के बाद इनकी गति बढ़ाने और गरीबों के कल्याण के पैकेज के क्रियान्वयन का कार्य तेज किया जाए। लोकल को वोकल बनाने के संकल्प के साथ मध्यप्रदेश में विभिन्न संसाधनों के उपयोग से टिकाऊ विकास की लक्ष्य प्राप्ति करना है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्वतंत्रता दिवस संबोधन की प्रमुख घोषणाओं के संबंध में मंत्रियों और अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिए। इन विषयों में शहीद सैनिकों के परिवार की सहायता, खाद्यन्न सुरक्षा मिशन में एक सितम्बर से सभी उपभोक्ताओं को लाभान्वित करने, मनरेगा के अंतर्गत दिए गए रोजगार कार्यों को सुनिश्चित करने, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के 24 जिलों में क्रियान्वयन, स्ट्रीट वेंडर्स को 35 प्रकार के छोटे-छोटे व्यवसायों के सुचारु संचालन में कार्यशील पूंजी दिलवाने, संबल योजना, कृषकों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण दिलवाने, मंडी अधिनियम में संशोधन के प्रावधान जमीन पर उतारने, प्रधानमंत्री कृषि अधोसंरचना निधि में किसानों की आय बढ़ाने, सिंचाई सुविधा के विस्तार, खाद्य प्रसंस्करण ईकायों को प्रारंभ करने, मत्स्य पालन मछुआरों की आय बढ़ाने, दुग्ध उत्पादकों के क्रेडिट कार्ड तैयार करने, महिला स्वसहायता समूहों को सशक्त बनाने, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में हितग्राहियों को लाभ दिलवाने, अनुसूचित जनजाति वर्ग को वनाधिकार पट्टे प्रदान किए जाने, प्रदेश के 89 आदिवासी बाहुल्य विकासखंड में बिना लायसेंसधारी साहूकारों द्वारा दिए गए ऋण के चंगुल से आदिवासी भाई-बहनों को मुक्त करवाने, बैगा, सहरिया, भारिया जनजाति के कल्याण, घुमक्कड़ अर्द्ध घुमक्कड़ जातियों के विकास,पिछड़ा वर्ग कल्याण, सामान्य वर्ग के हित में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन, राष्ट्रीय जलजीवन मिशन में 2023 तक एक करोड़ से अधिक नल कनेक्शन, मेधावी छात्रों को लेपटॉप प्रदान किए जाने, प्रदेश में सौर ऊर्जा विकास, अटल (चंबल) प्रोग्रेस- वे और नर्मदा एक्सप्रेस-वे के विकास, रेडीमेड वस्त्र उद्योग के प्रोत्साहन, लघु और सूक्ष्म औद्योगिक इकाईयों की स्थापना, नवीन उद्योगों के लिए %स्टार्ट योर बिजनेस इन थर्टी डेज% का क्रियान्वयन शामिल है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ग्लोबल स्किल पार्क के विकास के संबंध में भी आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा करने के निर्देश दिए।

### रबी सीजन में किसानों को मिलेगी पर्याप्त एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली

# किसानों को गुणवत्तापूर्ण बिजली देने ग्वालियर-चंबल में 70 करोड़ से अधिक के कार्य प्रगति पर

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा ग्वालियर चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 8 जिलों में 12 नये 33/11 के.व्ही. सब स्टेशन बनाये जा रहे हैं। इसके अलावा मौजूदा 20 उपकेन्द्रों में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर और 13 पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि की जा रही है। इन्हीं जिलों में 282 कि.मी. लम्बी 33 के.व्ही. लाईन और 378 कि.मी. लम्बी 11 के.व्ही. लाईन बिछाई जा रही है। इसके अतिरिक्त 105 अतिरिक्त वितरण ट्रांसफार्मर, 71 वितरण ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि, 26 उपकेन्द्रों पर नये कैपेसिटर बैंक स्थापित किये जा रहे हैं। इन सब कार्यों पर 70 करोड़ रूपये से अधिक राशि खर्च कर आगामी रबी सीजन में किसानों को पर्याप्त वोल्टेज पर गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी स्वीकृत कार्य समय-सीमा में पूरा करें, जिससे किसानों और आबादी को घोषित अवधि में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि ग्वालियर चंबल संभाग के अंतर्गत ग्वालियर जिले में भितरवार, मुरैना जिले में धोलपुर रोड, चंबल कॉलोनी, फूलपुर, गुना जिले में बीनागंज, डोबरा, सिमरोद, अशोकनगर जिले में रतिखेड़ा, सोवत एवं श्योपुर

### ऊर्जा मंत्री तोमर ने कार्य समय-सीमा में पूरा करने के दिए निर्देश



जिले में बड़ोदा आदि स्थानों पर 33/11 के.व्ही. नये सब स्टेशन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसी प्रकार दतिया जिले में दिगुंवा, परसोदा बामन, भिण्ड जिले में मानगढ़, अडोखर, मुरैना जिले में झुंडपुरा, बिचोला, कामथेरी, थरा, गुना जिले में अवन, अशोकनगर जिले में कुकरेठा, चंदेरी, शिवपुरी जिले में रन्नौद, लालगढ़, श्योपुर जिले में प्रेमसार, नानाबड़, बरधा, मकड़ाबड़ा, उतनबड़, तलाबड़ा एवं चरोंद में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा दतिया में बीकर, उड़िना, भिण्ड में रावतपुरा, लिलोही, मुरैना में बड़बाई, गुना में बरोद, नसीरपुर, बरखेड़ा खुर्द, अशोकनगर में राजपुर, कचनार, शिवुपरी में सिरसोद, बांसखेड़ी एवं श्योपुर में धोती में पॉवर ट्रांसफार्मरों के क्षमता वृद्धि करने का कार्य प्रगति पर है।

### सितंबर में हर जिले में सेमिनार होंगे-नव उधमियों को मौके मिलेंगे

# आत्मनिर्भर भारत पैकेज का मध्यप्रदेश पूरा उपयोग करेगा : मंत्री सखलेचा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में आत्मनिर्भर भारत पैकेज के तहत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों की स्थापना के लिए सितंबर माह में जिला वार सेमीनार आयोजित किए जाएंगे। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने आज मंत्रालय में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री द्वारा एमएसएमई के लिए दिए गए महत्वपूर्ण पैकेज का प्रदेश के नव उद्यमियों के लिए भरपूर उपयोग किया जाएगा।मंत्री श्री सखलेचा ने उद्योग अधिकारियों से कहा है कि उनके क्रियाकलाप केवल औद्योगिक क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं होना चाहिए। स्वयं उद्योग चलाने वालों की भी सरकार संकट के समय मदद करेगी। उन्होंने कहा कि वे हर सप्ताह मैदानी स्तर के कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि आत्मनिर्भर पैकेज के तहत 25 करोड़ तक की ऋणी इकाइयों को पुनः 20 प्रतिशत लोन की सुविधा का जरूरतमंद कारोबारियों को लाभ दिलवाना सुनिश्चित करें। अब तक इस स्कीम से लाभान्वितों की समीक्षा अगली बैठक में होगी। मंत्री श्री सखलेचा ने सभी उद्योग अधिकारियों के साथ अनेक जिलों के औद्योगिक क्षेत्रों में बीमार और बंद पड़ी इकाइयों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि उद्यमियों से व्यक्तिगत संपर्क कर कारणों की जानकारी प्राप्त कर यह पता लगाया जाए कि बंद इकाई को किस तरह की मदद से फिर सुचारू किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप प्रदेश में लघु और मध्यम उद्योगों को चालू कराएं। मंत्री श्री सकलेचा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अगले माह होने वाले सेमिनार के पूर्व अपने क्षेत्रों में लगने वाली इकाइयों की रूपरेखा स्थानीय जनप्रतिनिधि, व्यवसाईयों, कृषक और उद्योग लगाने के इच्छुक युवाओं से सतत संपर्क कर रणनीति बनाएं। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में उपलब्ध भूमि की जानकारी तैयार करें और नए औद्योगिक क्षेत्र के लिए आवंटित भूमि का कब्जा लें। उन्होंने कहा कि वित्तीय संस्थाओं के साथ समन्वय करें और प्रदेश की उद्योग नीति के अनुरूप रूपरेखा तैयार करें जिससे सेमिनार में ही अनेक इकाइयों के स्थापना की शुरुआत हो सके। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में क्षेत्र विशेष की खासियत और उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा भी की गई।

# बाबई कृषि फार्म विकास की कार्य योजना एक सप्ताह में

### उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री कुशवाह ने दिए निर्देश

**भोपाल।** होशंगाबाद जिले के बाबई कृषि फार्म को उद्यानिकी विभाग द्वारा नए तरीके से विकसित किया जायगा। इसकी कार्ययोजना एक सप्ताह में तैयार करने के लिए उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण (स्वतंत्र प्रभार) एवं नर्मदा घाटी विकास राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने मंगलवार को मंत्रालय में आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि बाबई कृषि फार्म लगभग 3 हजार एकड़ में है। यहां की उर्वर जमीन उद्यानिकी फसलों के उत्पादन के लिए अत्यंत उपयुक्त है। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्ययोजना बनाई जाए जिससे बाबई कृषि फार्म की एक-एक इंच भूमि का बेहतर



उपयोग हो। बाबई कृषि फार्म उद्यानिकी फसलें लेने के लिए प्रदेश के किसानों के प्रेरणा-केन्द्र की तरह विकसित किया जाय। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने वरिष्ठ अधिकारियों से कहा कि बाबई कृषि फार्म का मौका-मुआयना कर कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी फार्म का भ्रमण कर वहाँ उद्यानिकी फसलों के उत्पादन की संभावनाओं का जायजा लेंगे। इस मौके पर प्रमुख सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव, एमडी एमपी एग्रो श्री श्रीकांत बनोठ सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए सफल गाथाओं का वीडियो संकलन प्रतियोगिता, अंतिम तिथि 20 अगस्त

**भोपाल।** महिला-बाल विकास मंत्री श्रीमती इमरती देवी की पहल पर विभाग द्वारा आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करने के लिए अनूठा प्रयोग किया है। विभाग ने आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए सफल गाथाओं का वीडियो संकलन प्रतियोगिता रखी है जिसमें प्रत्येक जिले के एक सर्वश्रेष्ठ वीडियो के लिए आँगनवाड़ी कार्यकर्ता को 5 हजार रूपये का नगद पुरस्कार दिया जायेगा। आँगनवाड़ी कार्यकर्ता को माँ के दूध का महत्व-माँ की जुबानी विषय पर अधिकतम 60 सेकंड का वीडियो बनाकर 20 अगस्त तक पर एंट्री जमा करना होगा। आँगनवाड़ी कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र की किसी शिशुवती माँ का एक वीडियो बनाना है जिसमें माँ अपने बच्चे के साथ हो। शिशुवती महिला ने माँ के दूध के महत्व संबंधित कोई गलत धारणा को तोड़ा हो अथवा माँ के दूध से उसके बच्चे को लाभ हुआ हो जैसी बातों को भी सम्मिलित किया गया है। एक आँगनवाड़ी कार्यकर्ता केवल एक वीडियो ही भेज सकती है। एंट्री जमा होने के बाद उसमें किसी भी तरह का संशोधन नहीं किया जा सकेगा।

# अनुसूचित-जाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की राशि समय पर मिले

## अनुसूचित-जाति कल्याण मंत्री मीना सिंह ने बैठक में की समीक्षा

**भोपाल।** अनुसूचित-जाति एवं जनजाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि अनुसूचित-जाति वर्ग के विद्यार्थियों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति की राशि उनके बैंक खातों में समय पर पहुँचे, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अनुसूचित-जाति वर्ग के लोगों के कल्याण की योजनाओं में धन की कमी को आड़े नहीं आने दिया जायेगा। सुश्री मीना सिंह आज मंत्रालय में हुई बैठक में अनुसूचित-जाति वर्ग की विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर रही थीं। बैठक में प्रमुख सचिव श्रीमती पल्लवी जैन गोविल भी मौजूद थीं। अनुसूचित-जाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह ने कहा कि सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना में जिन चयनित युवाओं को मदद दी जा रही है, उन्हें यूपीएससी, पीएससी सेवा परीक्षा के अलावा अन्य शासकीय सेवाओं की परीक्षा में शामिल होने के लिये प्रोत्साहित किया जाना चाहिये। विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति के संबंध में मंत्री सुश्री मीना सिंह



ने कहा कि जिन युवाओं को यह छात्रवृत्ति दी गई है, उन्हें उसके अनुरूप रोजगार मिले, यह भी सुनिश्चित किया जाये। बैठक में बताया गया कि पिछले वर्ष अनुसूचित-जाति वर्ग के 47 विद्यार्थियों का चयन विदेश में उच्च अध्ययन के लिये किया गया था। इस वर्ष 50 विद्यार्थियों को चयनित कर उच्च अध्ययन के लिये विदेश भेजे जाने के लिये प्रक्रिया की जा रही है। पिछले 2 वर्षों में विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति में 68 विद्यार्थियों को 14 करोड़ रुपये की सहायता उपलब्ध कराई गई है। बैठक में बताया गया कि अनुसूचित-जाति वर्ग के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को कक्षा-10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर पुरस्कार दिये जा रहे हैं। कक्षा-12वीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र को 51 हजार और कक्षा 10वीं की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को 30 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई। प्रदेश के 10 संभागीय मुख्यालयों में ज्ञानोदय विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। इन विद्यालयों में अनुसूचित-जाति वर्ग के विद्यार्थियों को प्रवेश दिये जाने की क्षमता को प्रति विद्यालय 280 से बढ़ाकर 640 किया गया है। विभाग की अनुसूचित-जाति बस्ती विकास योजना में पिछले वर्ष 755 कार्यों को स्वीकृति दी गई। इनमें से 522 कार्य पूर्ण कराये गये हैं और इन पर करीब 51 करोड़ की राशि खर्च की गई है। इस वर्ष 80 करोड़ रुपये की राशि अनुसूचित-जाति बस्ती के विकास पर खर्च की जायेगी। प्रमुख सचिव श्रीमती पल्लवी जैन गोविल ने बताया कि मुख्यमंत्री स्व-रोजगार योजना में पिछले वर्ष अनुसूचित-जाति वर्ग के 3602 हितग्राहियों को 150 करोड़ रुपये ऋण के रूप में दिये गये। इसके साथ ही करीब 43 करोड़ रुपये अनुदान के रूप में चयनित युवाओं को अपना रोजगार शुरू करने के लिये उपलब्ध कराये गये। आयुक्त, आदिम जाति कल्याण श्री बी. चन्द्रशेखर ने बताया कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में इस वर्ष चयनित गाँव में 40 करोड़ रुपये पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, ग्रामीण सड़कों, कौशल विकास आदि पर खर्च किये गये हैं। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के क्रियान्वयन के लिये 51 जिलों में विशेष पुलिस थाने कार्य कर रहे हैं। विधि एवं विधायी कार्य विभाग के अंतर्गत 50 जिलों में विशेष न्यायालय कार्य कर रहे हैं। बैठक में निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई।

## संपादकीए

### नेपाल की मंशा

नेपाल एक तरफ तो भारत के साथ हाल के दिनों में बढ़ी तल्खी को कम करने की कोशिश करता दिख रहा है लेकिन दूसरी तरफ वह कालापानी के मसले को गरमाने की भी तैयारी में है। नेपाल सरकार कालापानी पर अपना दावा जताने के लिए एक किताब निकालने की तैयारी कर रही है जिसे एंबेसी के जरिए कई अलग अलग देशों में भेजा जाएगा। ताकि कालापानी पर नेपाल के दावे को लेकर वह दूसरे देशों की सहानुभूति हासिल कर सके। जानकारी मिली है कि नेपाल गूगल से बात कर उसे इस बात पर राजी करने की कोशिश कर सकता है कि वह नेपाल के वर्जन वाला मैप भी दिखाए। नेपाल ने कुछ वक्त पहले ही अपने नए नक्शे को मंजूरी दी है। जिसमें कालापानी के साथ ही भारत के इलाके लिपुलेख और लिम्पयाधुरा को भी नेपाल का हिस्सा दिखाया गया है। नेपाल की यह फितरत ऐसे समय सामने आई है, जब दोनों देशों के रिश्तों में जमी बर्फ पिघल रही है और करीब नौ माह बाद दोनों देश वार्ता की मेज पर आए हैं। फिर अचानक से कालापानी विवाद पर किताब लाने का मकसद क्या है। अगर देखा जाए तो नेपाल काफी दिनों से चीन के प्रभाव में है। वह इस समय ऐसे दोराहे पर है, जहां वह न न तो चीन को छोड़ सकता है और न ही भारत को दूर कर सकता है। चीन ने जब नेपाल पर आंखें तरेरीं तो उसे भारत याद आया। इसीलिए वह वार्ता को राजी हुआ। मगर उसे यह भी पता है कि अगर वह चीन को नाराज करेगा तो उसके यहां चल रहे निर्माण कार्य ठप हो जाएंगे। फिर चीन से उसे जो कर्ज मिला है, वह भी लौटाना पड़ेगा। नेपाल की आर्थिक हालत ऐसी नहीं है कि वह चीन को एक झटके में कर्ज लौटा सके। इसीलिए वह दोनों को खुश करके चलना चाहता है। मगर नेपाल यह नहीं समझ रहा है कि दो नाव की सवारी में घाटा उसी का है। जब तक नेपाल खुले दिल और मन से भारत के साथ था, तब तक सुखी था। हर गम और खुशी के मौके पर भारत ने उसका साथ दिया। मगर जैसे ही उसका झुकाव चीन की तरफ गया, उसकी हालत पतली होती गई। आज नेपाल भले ही दिखावे के लिए सही भारत के साथ बातचीत का राग अलाप रहा है, मगर उसे अब तय करना होगा कि वह किस ओर जाएगा। भारत के साथ दोस्ती की इबारत वह लिख चुका है, अगर बैर चाहता है तो यह भी सही। पिछले कुछ समय से भारत के खिलाफ नेपाल जिस आक्रामकता के साथ कदम बढ़ाता जा रहा है, वह दुर्भाग्यपूर्ण तो है ही, इससे क्षेत्र में अशांति का एक और रास्ता खुल गया है। इसमें कोई संदेह नहीं कि इस वक्त नेपाल पूरी तरह से चीन के प्रभाव में है। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली चीन के इशारे पर चल रहे हैं। ओली के सत्ता में आने के बाद से नेपाल में चीनी का दखल तेजी से बढ़ा है। चीन ने नेपाल में कई परियोजनाएं शुरू की हैं। इसके पीछे चीन का मकसद नेपाल के रास्ते भारत की घेरेबंदी करना ज्यादा है। दुख की बात यह है कि नेपाल यह समझ नहीं पा रहा कि जिस एकमात्र और सबसे करीबी पड़ोसी भारत से उसके सदियों पुराने रिश्ते रहे हैं, उसी के खिलाफ वह इस तरह की पलटी मार कर क्या हासिल कर लेगा। कहना न होगा कि भारत ने हमेशा हर तरह से नेपाल का साथ दिया है, संकट में उसके साथ खड़ा रहा है, फिर भी नेपाल चीन के इशारे पर भारत के खिलाफ मोर्चा खोले हुए है, वह भी बेबुनियादी मुद्दों पर। नेपाल को इस वक्त लग रहा है कि भारत चीन और पाकिस्तान से घिरा हुआ है। ऐसे में कालापानी और लिंपियाधुरा को उससे हथियाया जा सकता है। पर ऐसा सोचना नेपाल की बड़ी भूल होगी। नेपाल जिन इलाकों पर दावे कर रहा है, वे भारत का ही हिस्सा हैं। इस तथ्य को चीन और नेपाल अच्छी तरह समझते हैं। लेकिन अब नेपाल क्षेत्रों पर अनधिकृत दावे कर उन्हें विवादित बनाने की चीन की रणनीति पर चल निकला है। कालापानी क्षेत्र को लेकर हकीकत यह है कि भारत में होते हुए भी इस क्षेत्र को लेकर नेपाल ने भ्रम की स्थिति बना रखी है। दो सौ साल पहले ईस्ट इंडिया कंपनी और नेपाली शासकों के बीच जो सुगौली संधि हुई थी, उसके मुताबिक भारत ने अपनी सीमा कालापानी नदी के झरनों तक मानी थी और नेपाल ने उसे इस नदी के किनारों तक मानी है। दो सौ साल पहले नक्शे नहीं बने थे, इसलिए इन सीमाओं की व्याख्या अपनी-अपनी तरह से की जाती रही। क्षेत्रफल में ये इलाके बहुत छोटे हैं, पर इनका सामरिक महत्त्व काफी है, नेपाल से ज्यादा भारत और चीन के लिए। ऐसा नहीं है कि भारत और नेपाल मिल बैठ कर इस विवाद को सुलझा नहीं सकते। पर चीन नेपाल को ऐसा करने नहीं दे रहा।

# सोशल मीडिया का दुरुपयोग

कर्नाटक के बंगलोर में हुई हिंसा एक बार फिर सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर सवाल उठा रहा है । एक शख्स के द्वारा फ़ेसबूक पर लिखी विवादित पोस्ट एक धर्म विशेष की भावना को आहत से शुरू होकर बंगलोर को हिंसा की आग में झोंक दिया गया । उसमें तीन आदमी की मृत्यु ऑर बहुत लोग घायल हुए । साथ हीं शहर के दो थानों में आग लगा दी गयी । सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल एक गंभीर समस्या के रूप में हमारे सामने है । इन समस्याओं से निपटने में हम शायद उतना सक्षम नहीं हैं । भारतीय समाज में परपीड़ा की प्रवृति है ए लोग दूसरे को निशाना बनाकर आनंद की चुस्की लेते हैं । लेकिन इसके गलत



जे आर पाठक, झारखंड
संपर्क नं .8434768823

उपयोग को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

आज के गतिशील दौर में लोगों को एक दूदूसरे के करीब लाने में सोशल मीडिया बहुत बड़ी भूमिका निभा रहा है एपरंतु इसी सोशल मीडिया का इस्तेमाल जब हिंसा भड़काने एअफ्वाहों फैलाने ऑर इसी प्रकार के अन्य देश ऑर समाज विरोधी कार्यों के लिए होने लगता है तब समस्या होती है । पूरी दुनिया में सूचना ऑर संचार क्रांति की अंधी दौड़ लगी है । आज के




दौर में सोशल मीडिया ज़िंदगी का हिस्सा बन चुका है । इसमें बहुत बड़ी भूमिका इन्टरनेट निभा रहा है । आज जिसके पास भी इन्टरनेट है उनका अहम समय सोशल मीडिया पर व्यतीत होता है । वर्तमान समय में सोशल मीडिया ने हमें अपनी बातें कहने का मंच अवश्य दिया है पर इसी साधन का लोगों द्वारा दुरुपयोग भी खूब हो रहा है । सोशल मीडिया में माँ दूबहन का गाली एगलत अफ्वाह उड़ना एअश्लील ऑर भद्दी बातें करनाए सांप्रदायिकता की बातें करना एफोटो एडिट करना कुछ का कुछ ऑर दिखा देना आज आम बात हो गयी है । अपनी भड़ास निकालने के लिए सारी मर्यादा का उलंघन के साथ इन मामलों में जिनका कोई लेना दूदेना नहीं है उसे भी घसीट रहे होते हैं । सोशल मीडिया में सोशल जैसा कुछ नहीं रह गया है । सिर्फनाम के सोशल मीडिया बन चुका है। सोशल मीडिया के दुरुपयोग से आंतरिक से आंतरिक सुरक्षा को खतरा बढ़ चुका है। जहां तक सोशल मीडिया का दुरुपयोग का प्रश्न है एइस संबंध में हालत खराब है क्योंकि भारत के आईटी कानून में सोशल मीडिया शब्द को ही परिभाषित नहीं किया गया है । ऐसे में सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल से जुड़े विभिन्न तरह के जो साइबर अपराध हमारे सामने आते हैं एवे कानूनी दायरे में नहीं आते हैं वे साइबर अपराधी कानून से बच जाता है । वर्ष 2008 के संशोधन में एक प्रावधान बनाया गया था.धारा 66ए एसोशल मीडिया के दुरुपयोग के कुछ पहलुओं को इस दायरे में लाया गया था । लेकिन 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने इस धारा को गैरकानूनी घोषित यह कह कर दिया क्योंकि यह संविधान की व्यवस्थाओं के अनुरूप नहीं है ।

इस स्थिति में सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल को लेकर ऐसा करनेवाले लोग डरते नहीं हैं ऑर वे वेखौफरहते हैं एक्योंकि उन्हे यह मालूम है कि इसके लिए कोई कानूनी प्रावधान तो है नहीं ऑर उन्हे यह भी पता है कि ऐसा करने पर उसकी जानकारी सेवप्रदाता मुहैया नहीं कराएगा । साल 2015 के एक फैसले में सुप्रीम कोर्ट सोशल मीडिया के सेवाप्रदाताओं को निर्देश दे चुका है कि उसके पास जानकारियाँ देने के लिए हजारों दूलाखों निवेदन आएंगे एलेकिन उन्हे ऐसे निवेदनों पर ध्यान नहीं देना है । केवल सरकार के कहने या अदालती निर्देश पर ही ऐसी जानकारियाँ देनी होती है । इस वजह से सेवाप्रदाता से जानकारी प्राप्त करना बहुत चुनौतीपूर्ण काम हो गया है । ऐसे में स्वाभाविक रूप में हमारे देश में सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल लगातार बढ़ता जा रहा है तथा ऐसे प्लेटफॉर्म के जरिये कई तरह की आपराधिक गतिविधियाँ हो रही हैं दंगे एवं हिंसा को भड़काने में खूब दुरुपयोग हो रहा है तथा गलत व नुकसानदेह सूचनाओं को प्रसारित किया जा रहा है ।

इस समस्या पर अंकुश लगाने के लिए सरकार को कड़े कानून बनाने की आवश्यकता है । जिससे गलत इस्तेमाल करने वाले के मन में डर बने ।सरकार ऐसे अपराधों को रोकने के लिए मौजूदा कानून में बदलाव करती है अगर सोशल मीडिया के दुरुपयोग को लेकर सरकार प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ती है एतो भारतीय समाज में पैदा हो रही समस्याओं को निपटने में मदद मिलेगीए जो अनेक स्तरों पर व्यक्ति व समाज को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रही है ।

## राजस्थान की सत्ता



राजस्थान में सत्ता हेतु,
उमड़ा माननीयों में लोभ।
यहां मंत्री पद और पैसे की खातिर,
बिके सारे नेता लोग।।

सत्ता हेतु चली है जोड़ तोड़,
विधायकों की है, करोड़ों की बोल
पायलट के वजह से अब तो,
गहलोत की सत्ता है डवा डोल ।।

यहां तो खरीद फरोख्त है जारी,
फिर भी, बने सब लोकतन्त्र के पुजारी।
राजस्थान में राज हेतु,
हो रहीं विधायकों की खरीददारी।।

यहां क्या सत्तापक्ष, क्या विपक्ष,
अपनी तिजोरी दोनों ने है खोली।
सत्ता हेतु तो दोनों ने यहां,
खेली है लोकतंत्र से होली।।

माननीय जी अब क्षेत्र छोड़,
होटल में जा ठहरे।
मतदाताओं के भरोसे पर तो,
घाव दे बैठे ये गहरे।।

**अंकुर सिंह**
**चंदवक, जौनपुर, उत्तर प्रदेश**
**मोबाइल नंबर - 8367782654.**
**व्हाट्सअप नंबर - 8792257267**

## तलाश...!



जिंदगी की रंगमंच में,
हर क़िरदार को तलाश।
धरा पर पग रखे एकटक,
घूरता साराआकाश।
डूबते भविष्य को,
उगते सूरज की तलाश।
ख़तम होती नही जरूरते,
तलाश जिंदगी का लेख।
एक बार तृप्ति का भाव,
मन मे जगा कर तो देख।
इंसा पैदा होते ही उसको,
तलाश रहता है नाम।
फिर बढ़ते उसके मनसूबे,
ढूढता रुपये बतौर काम।
मन की आश खत्म नही,
चाहे हो जाये सुबह से शाम।
तालाश भगाता रहता,
जिंदगी भर न आराम।
सतरंगी वसुंधरा की,
स्वच्छंद बहारो का है मेला।
बहती सरिता भंवरो का,
सागर पे सरोवर का है खेला।
बेजान बंजर भूमि को,
उपजाऊ मिट्टी की है तलाश।
धरा को गगन की संगम,
सामंत क्षितिज की है आश।
तलाश खत्म न होगी कभी,
जब तक प्यासे प्यास है।
भटकती दुनिया की बाजार में,
अहम रचना उसके पास है।
गम को खुशी की,
नदी को सागर की।
अंधेरे को रोशनी की,
तलाश इक गागर की।
बस मन की भरम ही,
है जिंदगी में खलबलाहट।
ढूंढती है हवाये मदमस्त,
बहारो की सरसराहट।
नशीब उसे होती है साहिल,
जिसे मंजिल पे विश्वास है।
नदियां यूं ही न बहती,
सागर की बांहो पे आश है।
मन की उड़ाने भरते ख्वहिश,
अरमानो का दरवाजा खोलता है।
शरीर मे साँसे हो जब तक,
धड़कने तलाश तलाश बोलता है।

**दिब्यानन्द पटेल**
**विद्युत नगर दर्री**
**कोरबा छत्तीसगढ़**

## रोटी



चोरी कराती है, झूठ बुलाती है, खून के आंसू रुलाती है रोटी।
योग वियोग कराती है अपनों से, दूर व पास बुलाती है रोटी।।
जिस तन में कुछ ताब नही, उस पन में काम कराती है रोटी।
भूख को शान्त कराने को पीके, क्या कुछ नही कराती है रोटी।।
फेंकने वालों को चेतावनी
शुक्र करो तुम मुफलिसी में नही गुजरे
रोटियों को पाने को दर दर नही फिरे।
ये रोटियां जो फेक रहे आप कचरे में,
वरना इसके लिए लाखों मुंह के बल गिरे।।

**आशुकवि प्रशान्त कुमार ÷पी.के.÷**
**पाली हरदोई (उत्तर प्रदेश)**




# अपनेपन की छाप दिखती नई शिक्षा नीति में

**सोनम लववंशी**

कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी। सदियों रहा है दुश्मन दौर ए जमाना हमारा।।मशहूर शायर इकबाल की ये पंक्तियां भारतीय परिवेश और हमारे गौरवशाली इतिहास पर एक दम सटीक बैठती है। यूं तो हमारी पुरातन संस्कृति को खण्ड-खण्ड करने की औछी राजनीति सदियों से ही चली आ रही है। फिर बात चाहे मुगलों की हो या फिर अंग्रेजों की ही क्यों न हो, लेकिन न तो कोई हमारी सांस्कृतिक विरासत को मिटा सका और न ही हमारी परम्पराओं को बदल सका है। वसुधैव कुटुम्बकम की भावना सदियों से हमारी रगों में बहती रही है। ये हमारे संस्कार ही है कि हमने दुनिया को बाजार की नजरों से नहीं बल्कि हमारे अपने परिवार की तरह ही देखा है। भारतीय शिक्षा प्रणाली ने ही चरक, सुश्रुत, आर्यभट्ट, भास्कराचार्य, चाणक्य, पतंजलि और पाणनी जैसे कई विद्वानों को पैदा किया है। जिन्होंने गणित, खगोल विज्ञान, धातु विज्ञान, चिकित्सा




विज्ञान,सर्जरी और सिविल इंजीनियरिंग आदि क्षेत्रों में अपनी महती भूमिका निभाई है। उसी का परिणाम है कि वर्तमान समय में आधुनिक विश्व में जिस प्रकार का कोहराम मचा है उसमें भारत की प्राचीन संस्कृति संपदा का सिक्का बोलता है।

कहते है कि किसी देश की तरक्की सिर्फ़ उस देश के संसाधनों से नहीं होती है। बल्कि देश की तरक्की में शिक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। शिक्षा मानव में सोचने समझने और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करती है। हमारे वेदों और उपनिषदों में भी शिक्षा को परिभाषित करते हुए कहा गया है कि, ÷सा विद्या विमुक्तये।÷ विद्या वह है जो हमें बुद्धि प्रदान करें। किसी भी देश को बनाने और बिगाड़ने में शिक्षा बहुत अहम होती है। अंग्रेजों ने इस बात को बखूबी समझा। इसीलिए लार्ड मैकाले ने 1934 में भारत के लिए शिक्षा पद्धति बनाई। जिसके बारे में मैकाले ने कहा था कि वह जो शिक्षा पद्धति लागू कर रहे है उसका पाठ्यक्रम देखने में तो हिंदुस्तानी लगेगा लेकिन उनका मस्तिष्क अंग्रेजियत हो जाएगा। मैकाले अंग्रेजी शिक्षा का एक ऐसा जहरीला विष है जिसका जहर अब तक हमारी शिक्षा पद्धति में भरा हुआ है। अंग्रेजों ने भारतीय सामाजिक, आर्थिक परिदृश्य का विश्लेषण करके ही शिक्षा पद्धति बनाई थी। जिससे भारत को गुलाम बनाकर रखा जा सके। आज उसी का परिणाम है कि हमारी शिक्षा प्रणाली रोजगार सर्जन करने में नाकामयाब है। अब तक हम जो शिक्षा प्राप्त कर रहे है वह मात्र रटन्त विद्या पर ही आधारित रही है। एएसईआर की एक रिपोर्ट में कहा गया की हमारे देश में पांचवी कक्षा में पढ़ने वाले 50 प्रतिशत बच्चे दूसरी कक्षा की पुस्तक भी नहीं पढ़ पाते है। रिपोर्ट बताती है कि 72 प्रतिशत बच्चे दूसरी कक्षा के सवाल भी हल नही कर पाते है। वही एम्प्लायमेंट सर्वे के अनुसार 80 फ़ीसदी इंजीनियर किसी नौकरी के योग्य नही है। ऐसे में कैसे मान ले कि छात्रों को डिग्री देने मात्र से ही शिक्षा के उद्देश्यों की प्राप्ति हो रही है। यही वजह है कि हमारी शिक्षा पद्धति हमेशा सवालों के घेरे में रही है। देश की आजादी के बाद से ही शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन का दौर शुरू हो गया था लेकिन ये परिवर्तन हमारी शिक्षा व्यवस्था में कोई खास बदलाव नही कर पाए। यही वजह है कि आज फिर करीब 34 साल के बाद पुनः एक नई शिक्षा नीति को लागू किया गया है। यूँ तो इस शिक्षा नीति में कई क्रांतिकारी परिवर्तन की बात की गई है। जिसकी शुरुआत ही मानव संसाधन विकास मंत्रालय का नाम परिवर्तित कर शिक्षा मंत्रालय कर दिया गया है। वैसे यह सही भी है क्योंकि मानव को किसी संसाधन के रुप में देखना गलत ही है। शिक्षा को रोजगार उन्मुखी बनाने के लिए नई शिक्षा नीति में किताबी ज्ञान के साथ साथ व्यवसायिक शिक्षा कौशल प्रशिक्षण दिए जाने की बात की गई है। साथ ही नई शिक्षा नीति में प्राथमिक स्तर की शिक्षा के लिए मातृभाषा में शिक्षा को बढ़ावा दिया गया है। भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने कहा भी है कि - निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति की मूल। बिन निज भाषा ज्ञान के मिटे न हिय के शूल।।

नई शिक्षा नीति में यूं तो कई क्रांतिकारी परिवर्तनों की बात की गई है, लेकिन वास्तविक धरातल पर ये शिक्षा नीति क्या रंग लाएगी ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा? हाँ एक बात तो है कि इस शिक्षा नीति को ऐसा तैयार किया गया है जिससे वह मैकाले की परिधि से बाहर आ सकें। देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान निभा सकें।

# सभी त्यौहार सादगी एवं आस्था के साथ घरों में ही रहकर मनायें - कलेक्टर

## झांकी, ताजिया सार्वजनिक स्थानों पर न लगायें - पुलिस अधीक्षक



**मुरैना।** 22 अगस्त से 29 अगस्त तक गणेश उत्सव, 29 अगस्त को डोलग्यारस और 30 अगस्त को मोहर्रम त्यौहार सादगी एवं आस्था के साथ घरों में ही रहकर मनायें। किसी भी प्रकार की झांकी, ताजियों के जुलूस आदि नहीं निकालें, जहां तक हो गणेश प्रतिमा और ताजियों का रूप (सहज) छोटा ही रहे। यह बात कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक में समिति के सदस्यों से अपील के दौरान कही। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया, अपर कलेक्टर श्री एसके मिश्रा, एसडीएम, समाजसेवी श्री शशीकान्त गोयल, पत्रकार सहित जिला स्तरीय शान्ति समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने कहा कि कोरोना महामारी अभी अपना रूप धारण किये हुये है, इस कारण सभी त्यौहार हमें अपने घरों में ही अभी तक मनाये थे, विशेषकर देश का 15 अगस्त जैसा राष्ट्रीय पर्व हम आप सभी ने सादगी के साथ सीमित संख्या में मनाया था। आगे आने वाले त्यौहार जैसे गणेश उत्सव, ताजिया को अपने घरों में अपने परिवार के साथ ही मनायें। आवश्यक व्यवस्थायें शासन अवश्य पूरी करेंगे। उन्होंने कहा कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार गणेश उत्सव की प्रतिमायें नहीं लगाई जायें, किसी भी प्रकार की झांकी खुले में सार्वजनिक स्थानों पर न लगायें। इसी प्रकार ताजिये भी निजी भूमि या घरों पर छोटे रूप में लगाये। विसर्जन वाले दिन नगर निगम के वाहन में गणेश प्रतिमा या ताजियों को विसर्जन स्थान तक वाहन में रखकर सह सम्मान पूर्वक विसर्जन किया जावेगा। इसके लिये विसर्जन स्थल पर कमेटी के सदस्य उपस्थित रह सकते है। उनकी देखरेख में ही गणेश प्रतिमा, ताजियों का विसर्जन किया जायेगा। इसके लिये कमेटी के सदस्यों की सूची संबंधित एसडीएम को उपलब्ध पहले से ही करानी होगी। जिससे उन लोंगो को विसर्जन स्थल पर प्रवेश दिया जा सके। पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया ने कहा कि राजस्व, पुलिस को शान्ति समिति के लोग सहयोग करें, इसी प्रकार की झांकी या ताजियों को घर में लगाकर पूजा अर्चना करें, ऐसा न हो कि गणेश प्रतिमा घरों में सजाकर और ताजिया निजी स्थल पर लगाकर सभी मोहल्ले वालों का एकत्रित करें ऐसा नहीं हो। क्योंकि अधिक संख्या होने पर कोविड उसी क्षेत्र में फैलने की संका रहेगी। प्रशासन का साथ दें। त्यौहार आस्था के केन्द्र है। इस बार थोड़े रूप में त्यौहार मनायें। कोरोना अवश्य हारेगा, अगले वर्ष फिर उसी उत्साह के साथ त्यौहार धूमधाम से मनायेंगे। गणेश प्रतिमा जहां तक छोटी हो और गोबर की बनाये तो और भी बेहतर होगा। जिसे तुलसी के गमले में भी विसर्जन किया जा सकता है। घरों में परिवार के साथ ही पूजा अर्चना हो, न की पूरे मोहल्ले को बुलाकर मनायें। हम सब की यही आशा है कि हम सब सुरक्षित रहें और सभी त्यौहार आस्था के साथ घरों में रहकर मनायें। इस अवसर पर शान्ति समिति के अन्य सदस्यों ने भी अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किये। जिसे कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सिरोधान माना। नगर निगम कमिश्नर श्री अमरसत्य गुप्ता ने कहा कि निगम के 3 वाहन गणेश प्रतिमा एवं ताजिया विसर्जन करने के लिये गली-गली से उठाकर विसर्जन स्थल तक ले जाकर सह सम्मान पूर्वक समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति में विसर्जन करायेंगे।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति 3 दिवस में उपलब्ध करायें - चंबल कमिश्नर



**मुरैना।** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को मिलने वाली पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का वितरण अगले तीन दिवस में सुनिश्चित किया जाये। छात्रवृत्ति स्वीकृति के लिये प्रत्येक महाविद्यालयों में एक-एक नोडल अधिकारी बनाया जाये। इसी के साथ एक-एक डाटा ऑपरेटर भी उपलब्ध करायें, ताकि एडमिशन लेते समय ही विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति स्वीकृति तथा छात्रावासों एवं आश्रमों में दिये जाने वाले प्रवेश भी समय पर हो सकें। विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्राप्त करने और छात्रावासों, आश्रमों में प्रवेश करने में कहीं कोई दिक्कत नहीं आये, अगर विद्यार्थियों से कोई आवश्यक दस्तावेज लेना हो तो एक ही बार में दस्तावेज लेकर नोडल अधिकारी अगली कार्रवाही सुनिश्चित करें। यह निर्देश चंबल संभाग के कमिश्नर श्री रबीन्द्र कुमार मिश्रा ने हाल ही में आयोजित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक में दिये। बैठक में अपर आयुक्त श्री अशोक कुमार चौहान, संयुक्त आयुक्त विकास श्री राजेन्द्र सिंह, सहायक आयुक्त श्री अरविन्द शर्मा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के उपायुक्त, सहायक आयुक्त सहित तीनों जिलों के जिला संयोजक उपस्थित थे। समीक्षा के दौरान अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं को आवास सहायता योजना में 313 प्रकरण ही स्वीकृत होने पर आपत्ति लेते हुये कहा कि 663 आवेदन पत्रों में से 313 विद्यार्थियों को आवासीय सहायता स्वीकृत करना बहुत कम है। कमिश्नर श्री मिश्रा ने कहा कि छात्रावास, आश्रमों में जितनी सीट्स है, सभी भरना चाहिये। सीट खाली नहीं होने की दशा में उन्हें निजी भवनों में किराये से मकान दिलाकर उन्हें आवास सहायता की सुविधा दी जाये। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि भिण्ड जिले में 34 मुरैना में 31 और श्योपुर जिले में 11 गांवों का चयन किया जाकर भिण्ड के सभी 34, मुरैना के 14 गांवों की व्ही.डी.पी तैयार कर ली है। इस पर कमिश्नर ने कहा कि यह कार्य भी 3 दिवस के अंदर पूरा किया जाये।

## पटवारी ने रिश्वत मांगने के लिये सहायक पटवारी के रूप में रखा रिश्तेदार का लड़का चंबल कमिश्नर ने दिया पटवारी को नोटिस

**मुरैना।** कैलारस तहसील के पटवारी नीलेश गौड़ द्वारा धारा 178 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता का अमल नहीं करने, बटवारा आदेश अमल करने के लिये किसानों से रिश्वत मांगने के लिये सहायक पटवारी के रूप में अपने रिश्तेदार का लड़का रखने, जिसका मोबाइल नं. 8964878264 है, के माध्यम से रिश्वत मांगने के आरोप में पटवारी नीलेश गौड़ को चंबल संभाग के कमिश्नर श्री रबीन्द्र कुमार मिश्रा ने कारण बताओ नोटिस दिया है। रिश्वत मांगने वाले लड़के की रिकॉर्डिंग डी.वी.डी. भी कमिश्नर को प्राप्त हुई है। जो घोर अनुशासन हीनता की श्रेणी में आता है।

## चंबल कमिश्नर आज करेंगे 14 विभागों की संभागीय समीक्षा, बैठक का आयोजन दो चरणों में होगा

**मुरैना।** चंबल संभाग के कमिश्नर श्री रवीन्द्र कुमार मिश्रा 19 अगस्त 2020 माह तृतीय बुधवार को अपने सभाकक्ष में 14 विभागों की संभागीय बैठक लेंगे। बैठक का आयोजन दो चरणों में होगा। प्रथम चरण की बैठक सुबह 11 बजे होगी। इस बैठक में किसान कल्याण तथा कृषि विभाग, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास, पशुपालन एमपी स्टेट को-ऑपरेटिव, डेयरी फेडरेशन, सहकारिता खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की संभागीय समीक्षा होगी। द्वितीय चरण की बैठक दोपहर 2.30 बजे से कमिश्नर के सभाकक्ष में आयोजित होगी। इस बैठक में सभी निर्माण विभाग निर्माण एजेंसियां लोक निर्माण, म.प्र. रोड डेव्हलपमेंट कॉर्पोरेशन, म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण जीआईयू जल संसाधन, उर्जा विभाग, नगरीय विकास एवं आवास और मध्यप्रदेश ग्रह निर्माण एव अधोसंरचना विकास मण्डल के कार्यों की समीक्षा होगी।

## हम है सेवक संस्था के युवाओं ने घर घर जाकर बच्चों को बांटी शैक्षणिक सामग्री



**अम्बाह।** क्षेत्र में नगर में कई दिनों से कार्य कर रही हम है सेवक संस्था के युवाओं ने कोरोना काल मे बच्चों को पढ़ाई की शैक्षणिक सामग्री की किट शहर के घर घर में जाकर वितरित की इस किट के अंदर पेंसिल, कटर, रबड़ , पहाड़ा, कॉपी,एवं किताबे थी संस्था के युवाओं ने बच्चों को केला और और टॉफी भी भेंट की इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने कहा की कोरोना काल मे बच्चो की पढ़ाई बंद है इसलिये यह साम्रगी दी गयी हैं जिसे पढ़कर बच्चे अपना निरंतर प्राथमिक अध्ययन जारी रख सकें इस अवसर पर वीरेंद्र गुप्ता, आशीष गुप्ता, शिवांग गुप्ता, मुरारी गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, शक्ति सिंह तोमर, आकाश तोमर, राकेश गुप्ता, विशाल गुप्ता, मुन्नालाल गुप्ता , गोलू गुप्ता, पारस गुप्ता,कान्हा गुप्ता, शेलेंद्र गुप्ता, रोहित गुप्ता, संजू चांदील, सृजल जैन, गौतम चांदील, आदि लोग उपस्थित रहे।

# गोरमी नगर एबम सर्कल में जलविहार मोहत्सव सहित कोई भी पर्व सार्वजनिक नही आयोजित होगा



**गोरमी//** नगर के थाना प्रांगड़ में आगामी दिनों में आने वाले पर्वो बुढ़वा मंगल मोहर्रम गणेश चतुर्थी नवदुर्गा जल बिहार मोहत्सव की तैयारी हेतु शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया बैठक में मार्गदर्शन हेतु एस डीएम शिवम शर्मा एस डी ओपी राजेश राठौर नायव तेहसीलदार शिवदत्त कटारे थाना प्रभारी मनोज राजपूत उपस्थित थे।इस अबसर पर उपस्थित गणमान्यजन से एस डी एम शिवम शर्मा ने कहा कि आगामी दिनों में आयोजित सभी पर्व जैसे गणेश चतुर्थी डोल गियारष मोहर्रम नवदुर्गा आदि पर्व हम सबको कोरोना संकट के कारण अपने अपने घरों पर रहकर शांति पूर्वक ढंग से मनाना है जिससे इस महामारी से बचा जा सके। गोरमी नगर में इस बार जलविहार मोहत्सव भी आयोजत नही होगा।इस अबसर पर एस डी ओ पी राजेश राठौर ने कहा कि अगर हमको इस बीमारी से बचना है तो सारे कार्यक्रम घर पर रहकर ही करने होंगे। अंत मे सबका आभार प्रगट थाना प्रभारी मनोज राजपूत ने किया।इस अबसर पर उपस्थित सभी लोगो ने भी अपने अपने सुझाव दिये।बैठक में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द नरवरिया बरिष्ठ नेता दलवीर तोमर गोकुल सिंह परमार जंडेल सिंह भदौरिया किशन प्रसाद कटारे रणवीर परमार हरिओम कटारे कमल दिक्सित सौरव जैन बॉबी जैन बल्लू पांडे सुभाष सोनी राजेश माथुर दिनेश यादव रिंकू दिक्सित आदि उपस्थित थे।

## नगर पालिका परिषद पोरसा द्वारा अंबाह एसडीएम विनोद सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट कर दी बिदाई

**पोरसा।** अम्बाह के एसडीएम विनोद सिंह जी का विदाई समारोह नगर पालिका कार्यालय में रखा गया जिसमें एसडीओपी अम्बाह अवनीश बंसल अंबाह तहसीलदार व प्रशाशक नगर पालिका पोरसा सर्वेश यादव



पोरसा थाना प्रभारी अतुल.सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया कार्यक्रम के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी नत्थी लाल करौलिया देवेंद्र राजोरिया स्वक्षताअधिकारी शिशुपाल सिंह तोमर स्वच्छता निरीक्षक जयचंद सिंह तोमर इंजीनियर संजय वर्मा राम दीना किरार बृज किशोर तिवारी नरेश चंद जैन धाधू राम स्टोर बाबू शैलेन्द्र सिंह तोमर राधा रानी इंद्रबीर मानवेंद्र सिंह तोमर मनोज कुमार करोसिया दिनेश कुमार पाथरे हरिशंकर मुन्शीलाल सोनू कुमार कडेरे मुन्ना लाल महोर नंद किशोर पाथरे एँव न,पा, स्टाप उपस्थित रहा

# भारतीय जनता पार्टी दिमनी विधानसभा चुनाव हेतु समीक्षा बैठक संपन्न



**अम्बाह।** आने वाले समय में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी की एक समीक्षा बैठक खुशीलाल श्रीवास जिलामंत्री भाजपा के निवास पर आयोजित की गई इस बैठक में विभिन्न सेक्टरों की समीक्षा की गई बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में मेघसिंह गुर्जर दिमनी विधानसभा प्रभारी , बलभद्र सिंह सिकरवार विस्तारक एवं दिमनी मंडल के प्रभारी खुशीलाल श्रीवास , दिमनीमंडल अध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह तोमर , सिहोनिया मंडल अध्यक्ष अशोक सिंह तोमर ,थरा मंडल अध्यक्ष बृजमोहन तोमर एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष राम साईं बघेल उपस्थित रहे बैठक में सेक्टरों पर आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई बैठक में प्रभारी मेघ सिंह गुर्जर ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने अपने बूथ को मजबूत बनाने के लिए कार्य करें ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने के साथ साथ मध्य प्रदेश एवं केंद्र सरकार की योजनाओं से लोगों को लाभान्वित कराएं साथ ही सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करें बैठक में सेक्टरों के प्रभारी भी मौजूद रहे



## महुआ पुलिस को मिली बड़ी सफलता हत्या के प्रयास में फरार 5000 रू के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

केशब पडित जी अम्बाह...

**अम्बाह।** पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया द्वारा सम्पूर्ण जिले मे फरार आरोपियो की धरपकड हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना महुआ के अप.क्र 50/20 धारा 307,147,148,149 ताहि 25,27,29,30 आर्म्स एक्ट के फरार आरोपी लला उर्फ मोहन सिंह पुत्र बसंत सिहं तोमर उम 25 साल निवासी ग्राम फूटापुरा रूअर थाना अम्बाह को थाना महुआ पुलिस द्वारा आज दिनांक 18.08.20 को मुखबिर की सूचना पर से गिरफ्तार किया गया है उक्त अपराध में आरोपी लला उर्फ मोहन सिह तोमर की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 5000 रू का ईनाम घोषित किया गया था। उक्त फरार आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी पार्थ सिंह परिहार, जे.पी.शर्मा, सियाराम, कप्तान सिह ,संदीप सिंह ,चन्द्रशेखर का सराहनीय योगदान रहा ।

# पोरसा पुलिस ने 5000 का इनामी को पकड़ने में सफलता अर्जित की पुलिस अधीक्षक द्वारा पोरसा पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की



**पोरसा।** हत्या का प्रयास के आरोप में डरू तोमर 5000 का इनामी को पोरसा पुलिस ने पकड़ने में सफलता अर्जित की पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, एसडीओपी अवनीश बंसल, के निर्देशन में अपराधियों को पकड़ने का चलाए जा रहे अभियान के तहत आज पुलिस थाना पोरसा टी आई अतुल सिंह ,एस आई पवन सिंह भदोरिया, एसआई धर्मेंद्र मालवीय, एसआई नीलम यादव, अनिल दोहरे, गजेंद्र लोधी ,रविंद्र बरैया ,अनिल सिंह तोमर, नरेंद्र सिंह ,सोनू यादव, रवि यादव , सोनू यादव, रवि यादव, लोकेश राजावत , चालक मनोज सिंह आदि टीम ने मुखबिर की सूचना पर डरु उर्फ रामेंद्र सिंह तोमर पुत्र महादेव सिंह तोमर उम्र 29 वर्ष निवासी कोथर खुर्द को पकड़ने में सफलता अर्जित की ,,पुलिस थाना पोरसा के अपराध क्रमांक 535/20 मैं डरु तोमर फरार था मुखबिर की सूचना पर पोरसा पुलिस ने दबिश देकर भिंड रोड पर डरू तोमर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की इस सफलता पर पुलिस अधीक्षक मुरैना द्वारा पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है

## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री ऐदल सिंह कंषाना आज मुरैना रहेंगे

**मुरैना।** प्रदेश के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना 19 अगस्त को मुरैना प्रवास पर रहेंगे। श्री कंषाना 18 और 19 अगस्त की दरम्यानी रात्रि 2 बजे मुरैना सर्किट हाउस पहुंच गये थे।

# मौसमी बीमारियों के लिये नवीन जिला चिकित्सालय भवन में लगेंगे अतिरिक्त बेड - कलेक्टर

## कलेक्टर ने निर्माणाधीन जिला चिकित्सालय का किया अवलोकन



**मुरैना।** जिला चिकित्सालय मुरैना में कोविड महामारी को ध्यान में रखते हुये आधे वार्ड कोविड के लिये चिन्हित किये गये थे, जिनमें करीबन 160 बेड उनके लिये लगाये गये थे। अब कोविड के मरीज कम हो रहे है। किन्तु मौसमी बीमारियों की संख्या में दिनों दिन बढ़ौत्तरी हो रही है। बढ़ते मरीजों को देखते हुये जिला चिकित्सालय में जो अन्य बीमारियों के आधे वार्ड फुल कैपिसिटी में हो चुके है। इसलिये मौसमी बीमारियों के मरीजों के लिये नवीन निर्माणाधीन भवन में तीन वार्ड 1 सितम्बर तक तैयार करने के निर्देश कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने दिये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरसी बांदिल, सिविल सर्जन डॉ. एके गुप्ता, हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों सहित निर्माण एजेन्सी के पदाधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने कहा कि नवीन भवन में फर्स्ट फ्लोर पर 3 वार्ड 1 सितम्बर तक तैयार करायें। इसके साथ ही उन्होंने ऑपरेटर थियेटर, आईसीयू के कक्षों को भी 1 सितम्बर तक तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मरीजों को पूर्ण रूप से स्वास्थ्य लाभ मिले। इसके लिये उन्हें आवश्यकता पड़ने पर भर्ती किया जाता है, इसके लिये पुरानी बिल्डिंग में पलंग की संख्या कम हो गई है और जो कोविड के वार्ड है, उन वार्डो में मौसमी बीमारियों के मरीजों को नहीं रखा जा सकता। इसलिये नवीन भवन में निर्माण एजेन्सी 1 सितम्बर तक 3 वार्ड सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं के साथ तत्काल पूर्ण करायें। इस प्रकार के कार्य में निर्माण एजेन्सी की कोई बात नहीं सुनी जायेगी। उन्होंने सीएमएचओ एवं सिविल सर्जन को निर्देश दिये कि आवश्यक निर्माण एजेन्सी के बिल भुगतान लंबित हो तो उन्हें भी भुगतान करावें। सिविल सर्जन को निर्देश दिये कि नवीन भवन में आवश्यक स्टॉफकी रूटीन के हिसाब से व्यवस्था कर ड्यूटी आदेश जारी करें।

# महिलाएं भी करवाए अपनी बीमारी की जांच

**जितनी सुविधाएं इंसान की जिंदगी में बढ़ती जा रही हैं, उतनी ही बीमारियां उसे घेर रही हैं। पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में बीमारियों एवं रोगों से लड़ने की ज्यादा क्षमता होती है लेकिन महिलाएं अपने शरीर के प्रति ज्यादा लापरवाह रहती हैं। उनका पूरा ध्यान अपने परिवार की देखभाल में ही चला जाता है। वे अपना ख्याल नहीं रख पातीं। अपनी जीवन शैली और खान-पान में लापरवाही के चलते महिलाएं अक्सर बीमारियों एवं रोगों की शिकार हो जाती हैं।**



**थायराइड** = थायराइड शरीर की एक ग्लैंड या ग्रंथि है जो शरीर में होने वाली विभिन्न क्रियाओं को नियंत्रित करती है। जब यह ग्लैंड ज्यादा सक्रिय हो जाता है तो थायराइड हार्मोन की मात्रा भी ज्यादा बढ़ जाती है या जब भी थायराइड ग्लैंड कम सक्रिय होता है तो थायराइड हार्मोन की मात्रा कम हो जाती है। दोनों ही स्थितियां गलत हैं और बीमारी पैदा करती हैं।

ज्यादातर महिलाएं हाइपर थायराइड से ग्रसित होती हैं। थायराइड बीमारी को उसके लक्षणों द्वारा आसानी से पहचाना जा सकता है। इन लक्षणों में नाखून टूटना, सुस्त होना, वजन बढ़ना, नींद अधिक आना, थकान ज्यादा महसूस होना, बाल झड़ना, डिप्रैशन, चिड़चिड़ापन एवं पीरियड्स के दौरान परेशानी-कम या ज्यादा ब्लीडिंग होना, त्वचा खुश्क होना, किसी काम में मन न लगना मुख्य हैं।जब भी ये लक्षण महसूस हों, तुरंत अपना थायराइड टैस्ट कराएं। यह रोग किसी भी उम्र में हो सकता है। प्रैगनैंसी के दौरान इससे परेशानी हो सकती है। यह आनुवांशिक रोग है।

**आस्टियोपोरोसिस** = यह कैल्शियम और विटामिन डी की कमी से होने वाली बीमारी है। इसमें पहले हड्डियां कमजोर होती हैं, फिर वे धीरे-धीरे टूटने लगती हैं। ज्यादातर महिलाओं को इस बीमारी का पता तभी चलता है जब उनकी हड्डियों में फ्रैक्चर हो जाता है। टूटी हुई ये हड्डियां फिर आसानी से जुड़ती भी नहीं हैं।

यह बीमारी अधिकतर ज्यादा उम्र की महिलाओं में होती है चूंकि मेनोपॉज की वजह से शरीर में एस्ट्रोजन की मात्रा कम हो जाती है। यह बीमारी मेनोपॉज के बाद शारीरिक श्रम न करने एवं आहार में विटामिन डी एवं कैल्शियम की कमी के कारण होती है। इसलिए इसकी जरा भी शंका होते ही तुरंत जांच करवाएं। इसके लिए डेक्सा नामक एक्सरे का प्रयोग होता है। इससे पता चल जाता है कि आपके शरीर में बोन फ्रैक्चर की क्या स्थिति है। इससे बचने के लिए अपने आहार में विटामिन डी एवं कैल्शियम वाले खाद्य पदार्थ लें एवं व्यायाम करें। यह बीमारी अनुवांशिक भी है।

## मसूढ़ों को स्वस्थ रखने के उपाय

जब हम विभिन्न प्रकार के स्टार्चयुक्त खाद्य तथा शूगरयुक्त ड्रिक्स का सेवन करते हैं तो हम न सिर्फ खुद को खाना देते हैं बल्कि उस प्लाक को भी खिलाते हैं जो हमारे मुंह में समस्याएं पैदा कर सकता है। कुछ ऐसे खाद्य हैं जो दांतों की सडऩ तथा अन्य समस्याओं को निमंत्रण देते हैं जबकि कुछ खाद्य ऐसे भी हैं जो प्लाक के निर्माण से लडऩे में और दांतों तथा मसूढ़ों को स्वस्थ रखने में सहायता करते हैं। आइए जानते हैं ऐसे ही कुछ खाद्यों के बारे में।

### जूस

सॉफ्ट ड्रिक्स, एनर्जी ड्रिक्स तथा फलों का जूस कुछ हद तक हमें पोषक लाभ देता है। आम तौर पर इन्हें शूगरयुक्त ड्रिक्स का विकल्प माना जाता है। फिर भी विशेषज्ञों के अनुसार ये ड्रिक्स शूगर से भरपूर होते हैं जो आगे चलकर दांतों की सडऩ का कारण बन सकते हैं। बच्चों में दांतों की सडऩ का खतरा शूगरयुक्त ड्रिक्स के कारण अधिक रहता है।

### चाय

चाय में ऐसे यौगिक मौजूद होते हैं जो प्लाक के साथ अंतक्रिया करते हैं, दांतों पर हमला करने वाले एसिड का निर्माण करने वाले बैक्टीरिया को मारते हैं। इससे कैविटीज से बचाव होता है, सूजन कम होती है और मसूढ़ों के रोग होने का खतरा कम होता है। इस बात को सुनिश्चित बनाएं कि आप शूगर फ्री चाय का सेवन करें।

### शूगर फ्री च्यूंगम

शूगर फ्री च्यूंगम को भोजन के बाद चबाने से आपके दांतों में से नुक्सानदायक एसिड निकल जाता है और आपके इनेमल को बचाए रखने में सहायता मिलती है।

### कार्बोहाइड्रेट्स का सेवन कम करें

यदि आप कार्बोहाइड्रेट्स से दूरी बनाए रखेंगी तो आपके दांत आपका धन्यवाद करेंगे। जिन खाद्यों में शूगर तथा स्टार्च (कार्बोहाइड्रेट्स) मौजूद होते हैं वे आपके मुंह के अंदर रहने वाले बैक्टीरिया के लिए ईंधन का काम करते हैं। यह बैक्टीरिया ऐसे एसिड पैदा करता है जो आपके दांतों के इनेमल को नष्ट कर देते हैं जिसके परिणामस्वरूप दांतों की सडऩ और कैविटीज की समस्याएं पैदा होती हैं। कार्बोहाइड्रेट्स का सेवन पूरी तरह बंद न करें। इनके सेवन के बाद दांतों में ब्रश अवश्य करें। भोजन के मध्य स्नैक्स के सेवन से भी परहेज करें।



### नींबू से रखें परहेज

बहुत सारे लोग यह जाने बिना नींबू का सेवन करते हैं कि इसकी एसिडिटी के कारण दांतों का क्षरण होता है। साधारण नींबू पानी का सेवन करें। बोतल बंद और घर पर तैयार किए गए नींबू पानी से दूरी बनाए रखें जिनमें बहुत शूगर होती है। एक नींबू का टुकड़ा लें और उसे एक गिलास पानी में रात भर पड़ा रहने दें।

### कफ सिरप से सावधान

कफ सिरप तथा कफ ड्राप्स में अक्सर बड़ी मात्रा में शूगर मौजूद होती है। कुछ डाक्टरों के अनुसार कफ ड्राप्स आपके दांतों के लिए उतने ही नुक्सानदायक हो सकते हैं जितना कि एक सख्त टॉफी का सेवन करना। अधिकतर लोगों को यह एहसास नहीं होता कि इन दवाइयों में कितनी अधिक शूगर होती है

## दिमाग को भी चाहिए कसरत

इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कहां से हैं और कैसे दिखते हैं, एक ही चीज है जो आपको दूसरों से अलग करती है और इस बात का निर्धारण करती है कि जिंदगी में आप कितने सही हैं वह है आपका दिमाग। आपके शरीर के बिल्कुल ऊपरी हिस्से में स्थित यह अंग आपके निर्णय लेने, ध्यान केंद्रित करने, संचार, समस्याएं सुलझाने, याद्दाश्त तथा कौशल को नियंत्रण में रखता है। जिस तरह रोगों से निपटने के लिए आपको फिट शरीर की जरूरत है इसी तरह जिंदगी से निपटने के लिए एक ताकतवर दिमाग की जरूरत है।

### सही खाद्यों का सेवन करें

दिमाग ग्लूकोज की धीमी आपूर्ति के आधार पर काम करता है और इसे सही समय पर सही कार्बोहाइड्रेट्स की जरूरत होती है। शूगर तथा शूगर आधारित खाद्य दिमाग को चक्कर में डाल देते हैं इसलिए इनसे परहेज ही किया जाना चाहिए। सही कार्बोहाइड्रेट्स, साबुत अनाज, जई,



भूरे चावलों और रागी में मिलते हैं।यदि आप अपने दिमाग को भोजन देना चाहते हैं तो जीरो फैट डाइट के बारे में न सोचें। दिमाग को ग्रे मैटर (बुद्धिमता) और नाडिय़ों को फैट्स की जरूरत होती है।

### दिमाग की कसरत

आपके दिमाग को भोजन से बढ़कर भी कुछ और की जरूरत होती है। यूनिवर्सिटी ऑफ जार्जिया द्वारा करवाए गए एक अध्ययन में कहा गया है कि प्रतिदिन 20 मिनट कसरत करने से जानकारी की प्रोसैसिंग तथा याद्दाश्त की प्रक्रिया में लाभदायक सिद्ध हो सकती है। जिस कसरत में गति, हाथों तथा पैरों का तालमेल, याददाश्त तथा पैरों की थाप शामिल हो वह नाड़ी प्रणाली को उत्तेजित करती है। अपने मोबाइल फोन पर ऐसी पहेलियों वाले ऐप्स डाऊनलोड करें और ऐसी किताबें खरीद कर लाएं जब आपके पास कुछ मिनट का खाली समय हो तो इनसे आप अपने दिमाग की कसरत कर सकते हैं। योगा तथा एरोबिक कसरतें तथा डांसिंग दिमाग के विभिन्न हिस्सों को एकीकृत करती हैं जैसे तालमेल, लय तथा रणनीति इत्यादि को।

## मोटा होना खतरे की बात नहीं

अभी तक सभी लोग इस भय से ग्रस्त हैं कि मोटापा आदमी को मौत के नजदीक जल्दी ले जाता है किन्तु वैज्ञानिकों ने नया शोध किया है कि जितना खतरा मोटापे को लेकर बताया जाता है वास्तव में यह उतना नहीं है। न्यू इंगलैंड जर्नल ऑफ मैडीसिन में छपे एक शोध के अनुसार 3,24,153 वयस्कों पर 12 वर्षों तक परीक्षण किया गया। जांच से पता चला कि मोटापे से मरने वाले लोगों की संख्या सामान्य ही रही तथा इससे कोई विशेष खतरे जैसी कोई स्थिति पैदा नहीं हुई। जैसे-जैसे



लोगों की उम्र बढ़ती गई, यह खतरा कम से कम होता चला गया। 65 वर्ष की आयु में जाकर यह खतरा नगण्य-सा हो गया और 74 वर्ष की उम्र आते ही मोटापे से मरने का संकट टल गया। इस अध्ययन ने यह सिद्ध कर दिया कि शरीर के अधिक भार से जल्दी मरने का खतरा उतना अधिक नहीं है। इस शोध अध्ययन को लेकर वैज्ञानिकों में दो राय हैं। कुछ का यह मानना है कि वे अपने रोगियों को कैसे कहें कि अधिक मोटा होना स्वास्थ्य के लिए निरापद है जबकि कई वैज्ञानिकों की यह मान्यता है कि मोटापे के खतरे को बढ़ा-चढ़ा कर बताया जाता रहा है।

## टॉपर बनने के आसान टिप्स..

**जिम्मेदार व सक्रिय** – अगर आप क्लास में नियमित व सक्रिय हैं तो कम पढ़कर भी आप अच्छे मार्क्स ला सकते है या तो आप क्लास में समय सोकर बिताए या सक्रिय होकर, क्लास में तो बैठना ही है। बेहतर होगा कि आप अलर्ट रहें, सक्रिय होकर सुनें, सोचें या सवाल करें। अगर आप क्लास में सक्रिय रहेंगे तो आपको घर पर पढ़ाई में कम समय देना पड़ेगा।

**2. शैक्षणिक लक्ष्य** – अब समय आ गया है कि आप खुद से सवाल करें आप कहां हैं? क्या इससे बेहतर और कोई जगह है? मेरे यहां होने का क्या मतलब है? कोशिश करें कि आप इन सवालों के जवाब दे सकें क्योंकि इन जवाबों में कॉलेज लाइफ की सफलता छुपी है। अगर ये लक्ष्य आपके खुद के हैं, न कि किसी और ने आपके लिए निर्धारित किए हैं तो आप इन सवालों का जवाब खोजें।



**3. सवाल करें** – अगर आप सच में ज्ञान पाना चाहते हैं तो सवाल पूछिए। सवाल पूछने के दो फायदे होते हैं पहला, आप अपने प्रोफेसर/लेक्चरर पर ध्यान देते हैं। दूसरा आपका ध्यान आपके प्रोफेसर/लेक्चरर को आपकी तरफ ध्यान देने के लिए आकर्षित करता है। इसतरह आप एक अच्छे छात्र बन सकते है। अगर आप जीवन में कुछ खास करना चाहते तो उसके पीछे पड़ जाए और हासिल करें। सवाल पूछने से घबराएं नहीं क्योंकि कोई भी सवाल व्यर्थ नहीं होता है, यह न सोचें कि आपके सवाल पर कोई क्या सोचेगा?

**4. स्टूडेंट और प्रोफेसर एक टीम** – मान लीजिए कि स्टूडेंट और प्रोफेसर एक टीम की तरह काम करती है। आपके प्रोफेसर भी वही चाहते हैं जो आप चाहते है। आपके प्रोफेसर चाहेंगे कि आप उनके दिए हुए नोट्स से पढ़ें और अच्छे ग्रेड लाएं। आपके अच्छे ग्रेड से आपके प्रोफेसर की मेहनत सफल होगी। वे आपका लक्ष्य पाने में आपकी हर तरह से मदद करेंगे। उसके लिए आपको अपने प्रोफेसर को अच्छे से समझना होगा।

**5. क्लास में पीछे बैठने से बचें** – यह असक्रिय को दशार्ता है। पीछे बैठने से आप अपने प्रोफेसर के डायरेक्ट संपर्क में नहीं रहेंगे। वे आप पर पूरा ध्यान भी नहीं दे सकेंगे। यह आपको सोचना है कि आपको कहां बैठना है? अगर आप क्लास में ध्यान नहीं दे रहे हैं तो आप अपना समय बर्बाद कर रहे हैं। दिमाग पर जोर दें और सोचें कि आपको क्या करना चाहिए। इस तरह आप आपकी टीम में अच्छे प्लेयर साबित नहीं होंगे।

**6. नोट्स का प्रयोग करें**– सफल छात्र हमेशा अच्छे नोट्स का प्रयोग करता है। जो सरल, व्यवस्थित और पढ़ने में आसान हो। आपके नोट्स ऐसे होने चाहिए जिसे पढ़ने में कोई समस्या न आए। जितने अच्छे आपके नोट्स होंगे उतना अच्छा आपका प्रदर्शन रहेगा। एग्जाम के समय पर आपके बाकी दोस्त जहां नोट्स बना रहे होंगे, वहीं आप पहले से बनाए नोट्स का फायदा ले सकेंगे।

**7. ज्यादा न पढ़ें** – एग्जाम के समय जरूरत से ज्यादा न पढ़ें। सफल छात्र यह बात अच्छी तरह जानते हैं कि समय-समय पर किया गया अध्ययन केवल एग्जाम के समय जरूरत से ज्यादा रटने से कहीं बेहतर होता है। परीक्षा के समय रात-रात भर न पढ़कर और एकसाथ ढेर सारी पढ़ाई करने से अच्छा है, रोजाना इसका अध्ययन किया जाए। इससे आप ज्यादा सीखेंगे, ज्यादा समझेंगे और अच्छी ग्रेड भी हासिल करेंगे। विद्यार्थी यह बात नहीं समझ पाते हैं और परीक्षा के समय रात-रात भर पढ़ाई करते हैं। जिसकी वजह से उनके टॉपर बनने में संदेह बना रहता है।

# अमेरिकी ओपन में खेलेंगे जोकोविच



**बेलग्रेड।** शीर्ष सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कहा है कि वह अमेरिकी ओपन में खेलेंगे। अमेरिकी ओपन कोरोनोवायरस महामारी के बीच शुरु होने वाला पहला ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट है। जोकोविच ने ट्वीट किया, मुझे इस बात की पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है कि मैं इस साल सिनट टेनिस और अमेरिकी ओपन में खेलूंगा। इस स्टार खिलाड़ी ने कहा, कोरोना वायरस के कारण कई बाधाओं और चुनौतियों का सामना करना आसान नहीं था, पर कई बार प्रतिस्पर्धा की संभावना ने मुझे वास्तव में उत्साहित कर दिया। अमेरिकी 31 अगस्त को न्यूयॉर्क में होगा। इससे पहले गत चैंपियन स्पेन के राफेल नडाल और स्विटजरलैंड के रोजर फेडरर ने कोविड-19 महामारी को देखते हुए इससे नाम वापस ले लिया था। नडाल ने कहा कि जिस प्रकार के हालात हैं उसमें इस टूर्नामेंट में खलना संभव नहजर नहीं आता है।

## विंबलडन चैंपियन हालेप का ऐलान, वे अमेरिकी ओपन का हिस्सा नहीं होगी

**न्यूयॉर्क।** टेनिस की शीर्ष खिलाड़ी और विंबलडन चैंपियन सिमोना हालेप अमेरिकी ओपन का हिस्सा नहीं होंगी। हालेप ने कहा कि वह अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दे रही हैं और कोरोना वायरस महामारी के दौरान यूरोप में रहेंगी। दुनिया की पूर्व नंबर एक और मौजूदा नंबर दो खिलाड़ी हालेप ने रविवार को प्राग में खिताब जीता था। हालेप ने ट्विटर पर लिखा, 'सभी पहलुओं और जिन हालात का हम सामना कर रहे हैं उन पर गौर करने के बाद मैंने फैसला किया कि मैं अमेरिकी ओपन में खेलने के लिए न्यूयॉर्क की यात्रा नहीं करूंगी।% डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष आठ में शामिल छह खिलाड़ी न्यूयॉर्क में अमेरिकी ओपन में हिस्सा नहीं लेंगी। नंबर एक खिलाड़ी ऐश बार्टी और गत चैंपियन बियांका आंद्रेस्क्यू पहले ही टूर्नामेंट से हट चुकी हैं।

## गेंदबाजों संभलना! अब आईपीएल में धोनी और ज्यादा खुलकर करेंगे बल्लेबाजी : इरफान पठान



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माही उर्फ महेंद्र सिंह धोनी ने आजादी दिवस 15 अगस्त को 7 बजकर 29 मिनट पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। धोनी के संन्यास के बाद से उनके प्रशंसक काफी भावुक हैं। वहीं उनके साथी खिलाड़ियों ने भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान को सलाम किया है। इस बीच पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने धोनी पर बड़ी बात कह दी है। इरफान पठान ने कहा है कि संन्यास के बाद महेंद्र सिंह धोनी से सावधान रहने की जरूरत है। दरअसल इरफान पठान ने आईपीएल से पहले सभी गेंदबाजों को एमएस धोनी से बचकर रहने के लिए चेताया है। इरफान पठान का कहना है कि अब आईपीएल के दौरान धोनी और ज्यादा खुलकर बल्लेबाजी करेंगे और उनसे गेंदबाजों को संभलकर रहना होगा। संन्यास के बाद धोनी अपना पहला मैच 19 सितंबर को खेल सकते हैं। आईपीएल का शेड्यूल अब तक नहीं आया है लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि पहला मैच मुंबई इंडियंस और चेन्नई के बीच ही खेला जाएगा। इरफान पठान ने एक टीवी कार्यक्रम में कहा, %एमएस धोनी जब संन्यास के बाद आईपीएल में उतरेंगे तो गेंदबाज ये ना सोचें कि वो पहले जैसे खतरनाक नहीं होंगे।

# आईपीएल 2020 के टाइटल स्पॉन्सरशिप की दौड़ में जीता ड्रीम11, 250 करोड़ रुपये में हुई डील

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल 2020 के टाइटल स्पॉन्सरशिप के अधिकार फैंटसी स्पोर्ट्स लीग प्लेटफॉर्म ड्रीम11 को दिए हैं। ड्रीम 11 पहले से ही बीसीसीआई का पार्टनर है। ड्रीम 11 ने दौड़ में फेवरिट मानी जाइु रही टाटा संस को पछाड़ दिया है। टाटा के कई बिजनस हैं,वह ओलिंपिक स्पोर्ट्स का कई दशकों से सपॉर्ट कर रहा है। खबर है कि ड्रीम 11 ने इसके लिए करीब 250 करोड़ रुपये की बोली लगाई। चीनी मोबाइल फोन निर्माता वीवो के हटने के बाद बीसीसीआई को नए टाइटल स्पॉन्सर की तलाश थी। इसमें कई बड़ी कंपनियां दौड़ में थीं। वीवो ने 2018 में 5 साल के लिए डील साइन की थी। हर साल वह बोर्ड को 440 करोड़ रुपये का भुगतान कर रही थी। लेकिन इस बार देश में चीन के खिलाफ बने माहौल के चलते वीवो ने हटने का फैसला किया। इस दौड़ में बायजूज,जियो, टाटा संस और अनएकैडमी जैसी कंपनियां शामिल थी। लेकिन ड्रीम 11 ने सभी को पछाड़कर टाइटल स्पॉन्सरशिप हासिल की। खबरों के अनुसार बिड में सबसे आगे ड्रीम इलेवन रही,जिसने करीब 250 करोड़ रुपये की बोली लगाई। वहीं अनअकैडमी ने 210 करोड़ और टाटा ने 180 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी। एजुकेशन एप कंपनी बायजूज ने 125 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी। जानकारी मिल रही हैं कि वीवो इंडिया जो दो सप्ताह पहले ही आईपीएल से अलग हुआ है, वापस आता है,तब ड्रीम11 को उसके लिए रास्ता छोड़ना पड़ेगा। हालांकि अगर वीवो टाइटल स्पॉन्सर के तौर पर नहीं लौटेगा,तब स्पोर्ट्स स्टार्ट अप के पास 2020 के आईपीएल के अलावा अगले दो साल के लिए भी अधिकार कायम रहने वाले है। ड्रीम-11 ने 222 करोड़ रुपये पहले साल के लिए, 240 करोड़ रुपये दूसरे साल के लिए और तीसरे साल के लिए भी 240 करोड़ रुपये। यह औसत बोली 234 करोड़ रुपये रही। जानकारी मिली हैं कि टाटा समूह ने अंतिम बोली नहीं लगाई, जबकि दो शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनियां बायजूस (201 करोड) और अनएकेडमी (170 करोड़) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहें। पता चला है कि टाटा एक मोटी रकम के साथ बोली लगाने वाला था लेकिन उसकी कुछ शर्तें थीं। टाटा की पहली मांग थी कि वह तीन कैटगिरी (ग्रुप के अलग तीन ब्रांड) के लिए स्लॉट ब्लॉक करना चाहता था लेकिन बीसीसीआई ने पहले से तय कर रखा है कि वह जगह सिंगल-ब्रांड एक्टिविटी के लिए होगी। सूत्रों ने कहा,सिर्फ एक कैटगिरी के लिए ही स्लॉट बुक किया जा सकता है,और यहीं टाटा के पक्ष में नहीं गया।% ड्रीम इलेवन जो रकम बीसीसीआई को दे रहा है वह वीवो से आधी है। सूत्र ने कहा,बाजार की मौजूदा स्थिति को देखते हुए यह पैसा ठीक है। बोर्ड दो और ऑफिशल पार्टनर अनअकैडमी और क्रेड को साथ जोड़ेगा इसका अर्थ है कि उस और 80 करोड़ की रकम मिलेगी। बीसीसीआई को इस हिसाब से 300 करोड़ से ज्यादा की रकम मिलेगी।

## जापानी टेनिस खिलाड़ी निशिकोरी को हुआ कोरोना, यूएस ओपन से नाम लिया वापस



**वाशिंगटन।** जापान के शिखर टेनिस खिलाड़ी और गत वर्ष यूएस ओपन के उपविजेता रहे केई निशिकोरी ने रविवार को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद वेस्टर्न और सदर्न ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। निशिकोरी ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी देते हुए कहा, 'मेरे पास कुछ दुर्भाग्यपूर्ण खबरें हैं। आज की सुबह मैं फ्लोरिडा में था और मैं कोरोना संक्रमित पाया गया हूं। निशिकोरी ने वेस्टर्न और सदर्न ओपन के लिए सोमवार को न्यूयॉर्क जाने की योजना बनाई थी। यह टूर्नामेंट आमतौर पर सिनसिनाटी में खेला जाता था, लेकिन कोविड-19 के मद्देनजर इसे न्यूयॉर्क में यूएस ओपन के स्थल पर स्थानांतरित कर दिया गया है। दोनों टूर्नामेंट फ्लशिंग मीडोज में बिली जीन किंग राष्ट्रीय टेनिस सेंटर में खेले जाएंगे। उन्होंने कहा, 'मुझे इस समय सिनसिनाटी टूर्नामेंट से बाहर होना होगा। मैं स्वस्थ महसूस कर रहा हूं और संक्रमण के लक्षण कम हैं लेकिन ऐहतियात के तौर पर मैं कुछ दिनों तक पूर्णत- आइसोलेशन में रहूंगा।

# बढ़त के साथ खुले शेयर बाजार

## सेसेक्स 38,261 और निफ्टी 11,300 अंक के पार



**मुंबई।** वै ?श्विक बाजारों से ?मिले अच्छे संकेतों की वजह से मंगलवार के कारोबारी ?दिन शुरुआती कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 210.93 अंक की बढ़त के साथ 38,261.71 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 65.30 अंक की बढ़त के साथ 11,312.40 अंक पर था। सेंसेक्स की कंपनियों में ओएनजीसी का शेयर करीब दो प्रतिशत चढ़ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, टाइटन, बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व के शेयर भी लाभ में थे। वहीं दूसरी ओर टाटा स्टील, पावरग्रिड, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक और एसबीआई के शेयर नुकसान में कारोबार कर रहे थे। पिछले सत्र में सेंसेक्स 173.44 अंक की बढ़त के साथ 38,050.78 अंक पर और निफ्टी 68.70 अंक के लाभ के साथ 11,247.10 अंक पर बंद हुआ था।

## युजवेंद्र का दावा, कोरोना ने खत्म किया धोनी का करियर


**नई दिल्ली।** तारीख 15 अगस्त, समय शाम के 7 बजकर 29 मिनट, ये वहां तारीख और समय है जब करोड़ों क्रिकेट फैंस के दिल टूट गए थे क्योंकि टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अचानक अलविदा कह दिया था। धोनी के संन्यास ने फैंस ही नहीं टीम इंडिया के खिलाड़ियों को भी चौंका दिया था। बता दें लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने भी धोनी के अचानक संन्यास लेने को बेहद ही चौंकाने वाला बताया है। चहल ने धोनी के संन्यास पर बड़ा दावा भी किया है। चहल का दावा है कि कोरोना ने धोनी का करियर खत्म कर दिया, नहीं तो धोनी टी20 वर्ल्ड कप जरूर खेलते। युजवेंद्र चहल ने कहा, %धोनी का संन्यास बेहद ही चौंकाने वाली खबर थी। मुझे लगता है इसमें कोरोना का भी हाथ है, नहीं तो धोनी टी20 वर्ल्ड कप खेलते।



इंडियानापोलिस 500 ऑटो रेस के बाद मार्को अंद्रेती (दाएं), न्यूजीलैंड के स्कॉट डिक्सन तथा मध्य में जापान के ताकुमा सातो फोटो खिंचवाते हुए। यह रेस मार्को अंद्रेती ने जीता हैं।

## प्रशांत कुमार को यस बैंक के प्रबंध निदेशक पद के लिए मिलेगा 2.85 करोड का पैकेज

**मुंबई।** यस बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रशांत कुमार को कुल 2.84 करोड़ रुपए पारितोषिक मिलने की उम्मीद है। एसबीआई के वरिष्ठ अधिकारी रहे कुमार बैंक को डूबने से बचाने के लिए नियुक्त किया गया है। शेयरधारकों की 10 सितंबर को होने वाली सालाना आम बैठक में उनके वेतन पैकेज पर विचार किया जाएगा। बैठक के बारे में दिए गए नोटिस में बैंक ने यह भी कहा कि वह वरिष्ठ कार्यकारियों के लिये शेयर विकल्प तीन गुना 22.5 करोड़ करने पर गौर कर रहा है। इस कदम को प्रतिभावान अधिकारियों को जोड़े रखने के कदम के रूप में देखा जा रहा है।



एसबीआई के मुख्य वित्त अधिकारी पद से सेवानिवृत्त होने के बाद कुमार यस बैंक से जुड़े थे। उस समय सरकार और आरबीआई ने बैंक के निदेशक मंडल को हटाकर उसकी जगह दूसरा निदेशक मंडल बनाया था। जमाकर्ताओं के हितों को ध्यान में रखकर यह कदम उठाया गया क्योंकि उस समय बैंक की स्थिति डांवाडोल थी और वह नई पूंजी जुटाने में असमर्थ था। कुमार की अगुवाई में बैंक 15,000 करोड़ रुपए की पूंजी जुटा चुका है। नोटिस के अनुसार डिजिटल तरीके से होने वाले शेयरधारकों की बैठक में कुमार के वेतन को स्वीकार करने के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा।

## हार्दिक पंड्या ने अपने बेटे का नाम रखा अगस्त्या

**नई दिल्ली।** हाल ही में माता-पिता बनने वाले टीम इंडिया के युवा ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और उनकी पत्नी नताशा स्टैनकोविच ने अपने बेटे का नामकरण कर दिया है। पंड्या ने बेटे का नाम इंस्टाग्राम के माध्यम से शेयर किया है। हार्दिक पंड्या के बेटे के लिए कार डीलर कंपनी मर्सेडीज-एएमजी ने कार के मॉडल वाला एक खिलौना गिफ्ट किया है। हार्दिक ने इस गिफ्ट के लिए कंपनी को थैंक्यू कहते हुए अपने बेटे के नाम का भी खुलासा कर दिया है। हार्दिक ने इस गिफ्ट के साथ अपनी एक तस्वीर क्लिक करते हुए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर कंपनी को थैंक्यू वाली फोटो पोस्ट की है।

# वानखेड़े में विश्वकप जीत के सिक्स वाली गेंद जहां गिरी उस सीट को धोनी के नाम किया जाए

**मुंबई।** विश्व कप 2011 के फाइनल मुकाबले के उस अप्रीतम क्षण को लोग नहीं भूले है जब महेंद्र सिंह ने आखिरी सिक्स जड़ कर जीत को भारत के पाले में डाल दिया था। अब जिस सीट पर गेंद गिरी थी वानखेड़े स्टेडियम में वह सीट पूरी तरह से धोनी के नाम हो सकती है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) को मिले प्रस्ताव के अनुसार उस सीट को धोनी के नाम पर रखने का प्रस्ताव है। शनिवार को धोनी ने अपने लगभग 16 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर से संन्यास लेने का फैसला किया है। धोनी ने इस मैच में श्रीलंका के तेज गेंदबाज नुआन कुलासेकरा के खिलाफ 2011 विश्व कप फाइनल में छक्का लगाकर भारत को 28 साल बाद विश्व विजेता




बनाया था। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य अजिंक्य नाइक ने उस सीट का नाम धोनी के नाम पर रखने का प्रस्ताव दिया है। उनका कहना है कि इस सीट को सजाया जाएगा। सीट को ऐसे सजाया जाएगा कि यह भारतीय क्रिकेट में महेंद्र सिंह धोनी के योगदान और वानखेड़े स्टेडियम से उनके जुड़ाव के प्रति सम्मान और शुक्रिया का भाव प्रदर्शित करे। खबर के मुताबिक, भारतीय क्रिकेट में महेंद्र सिंह धोनी के बड़े योगदान को देखते हुए एमसीए उस स्टैंड में जहां उन्होंने 2011 के वर्ल्ड कप वह मशहूर सिक्स जड़ा था, एक स्थायी सीट उनके नाम रख सकता है। हम देख सकते हैं कि गेंद कहां गिरी थी- और किस सीट की ओर वह जा रही थी।% इस अनुरोध में कह गया है, %हम इस सीट को इस तरह पेंट कर सकते हैं ताकि धोनी का भारतीय क्रिकेट के इतिहास में ऐतिहासिक वानखेड़े स्टेडियम के साथ संबंध दिखा सकें।% यह भी सुझाव दिया गया है कि जल्द ही बनने वाले एमसीए के क्रिकेट म्यूजियम में वर्ल्ड कप बॉल को रखा जाएगा। इस खत में लिखा गया है, %यह भी अच्छा होगा अगर हम यह पता लगा सकें कि वह वर्ल्ड कप बॉल कहां है। यह बनने वाले क्रिकेट म्यूजियम में आकर्षण का केंद्र हो सकती है। यह भी महान महेंद्र सिंह धोनी को सम्मान देने का एक छोटा सा सुझाव है।



ऊर्जा मंत्री तोमर ने कार्य समय.सीमा में पूरा करने के दिए निर्देश

# किसानों को गुणवत्तापूर्ण बिजली देने ग्वालियर.चंबल में 70 करोड़ से अधिक के कार्य प्रगति पर

## रबी सीजन में किसानों को मिलेगी पर्याप्त एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली

**ग्वालियर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा ग्वालियर चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 8 जिलों में 12 नये 33ध्11 केण्व्हीण् सब स्टेशन बनाये जा रहे हैं। इसके अलावा मौजूदा 20 उपकेन्द्रों में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर और 13 पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि की जा रही है। इन्हीं जिलों में 282 किण्मीण् लम्बी 33 केण्व्हीण् लाईन और 378 किण्मीण् लम्बी 11 केण्व्हीण् लाईन बिछाई जा रही है। इसके अतिरिक्त 105 अतिरिक्त वितरण ट्रांसफार्मरए 71 वितरण ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धिए 26 उपकेन्द्रों पर नये कैपेसिटर बैंक स्थापित किये जा रहे हैं। इन सब कार्यों पर 70 करोड़ रूपये से अधिक राशि खर्च कर आगामी रबी सीजन में किसानों को पर्याप्त वोल्टेज पर गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी स्वीकृत कार्य समय.सीमा में पूरा करेंए जिससे किसानों और आबादी को घोषित अवधि में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि ग्वालियर चंबल संभाग के अंतर्गत ग्वालियर जिले में भितरवारए मुरैना जिले में धोलपुर रोडए चंबल कॉलोनीए फूलपुरए गुना जिले में बीनागंजए डोबराए सिमरोदए अशोकनगर जिले में रतिखेड़ाए सोवत एवं श्योपुर जिले में बड़ोदा आदि स्थानों पर 33ध्11 केण्व्हीण् नये सब स्टेशन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसी प्रकार दतिया जिले में दिगुंवाए परसोदा बामनए भिण्ड जिले में मानगढ़ए अडोखरए मुरैना जिले में झुंडपुराए बिचोलाए कामथेरीए थराए गुना जिले में अवनए अशोकनगर जिले में कुकरेठाए चंदेरीए शिवपुरी जिले में रन्नौदए लालगढ़ए श्योपुर जिले में प्रेमसारए नानाबड़ए बरधाए मकड़ाबड़ाए उतनबड़ए तलाबड़ा एवं चरोंद में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा दतिया में बीकरए उड़िनाए भिण्ड में रावतपुराए लिलोहीए मुरैना में बड़बाईए गुना में बरोदए नसीरपुरए बरखेड़ा खुर्दए अशोकनगर में राजपुरए कचनारए शिवुपरी में सिरसोदए बांसखेड़ी एवं श्योपुर में धोती में पॉवर ट्रांसफार्मरों के क्षमता वृद्धि करने का कार्य प्रगति पर है।



### मुख्यमंत्री के ग्वालियर प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए कार्यक्रम स्थलों का अवलोकन, ऊर्जा मंत्री तोमर ने अधिकारियों के साथ किया भ्रमण

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहानए केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री और राज्यसभा सांसद श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के ग्वालियर प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थलों का अवलोकन किया। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मंगलवार को दोपहर में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंहए पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघीए नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिनए एडीएम श्री किशोर कान्याल सहित विभागीय अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री एवं अतिथिगणों के ग्वालियर आगमन पर आयोजन के लिए स्थलों का अवलोकन किया। मुरार के फैसिलिटेशन सेंटरए मनोरंजनालयए खेल मैदानए इंटक मैदान के साथ ही फूलबाग मैदान का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं आयोजन के संबंध में ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने प्रशासनिक अधिकारियों को व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के संबंध में दिशा.निर्देश दिए।

अपर कलेक्टर आशीष तिवारी ने कलेक्ट्रेट में प्राधिकार पत्रद्ध प्रदाय कर शॉल.श्रीफल भेंट कर किया सम्मानित

# पाँच सेवानिवृत हुए शासकीय सेवकों को प्रदाय किए पीपीओ





**ग्वालियर।** विभिन्न कार्यालय में पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारी के शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने पर अपर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने कलेक्ट्रेट में मंगलवार को पाँच शासकीय सेवकों को पीपीओ ;पेंशन प्राधिकार पत्रद्ध प्रदाय कर शॉल.श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। श्री तिवारी ने सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों द्वारा अपने सेवाकाल के दौरान दी गई सेवाओं की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में श्रीमती पूनम कुलश्रेष्ठ ;जेएएचद्धए श्रीमती सावित्री सक्सेना ;जेएएचद्धए श्री मोहर सिंह जादौन ;वन विभागद्धए श्री देवेन्द्र कुमार राजौरिया ;बीईओद्ध और श्री मुन्नालाल पाठक ;रजिस्ट्रारद्ध उच्च न्यायालय ग्वालियर शामिल हैं। इस मौके पर संभागीय पेंशन कार्यालय के सहायक संचालक श्री रविशंकर चतुर्वेदी उपस्थित थे।

## पाँच अपराधी जिला बदर एवं एक को देना होगा बंध पत्र

**ग्वालियर।** जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने 6 लोगों को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के अंतर्गत जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर लोक शांति एवं जन सुरक्षा को देखते हुए जिला बदर के आदेश जारी किए गए हैं। जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जिन अपराधियों के विरूद्ध जिला बदर के आदेश पारित किए हैं उनमें बिज्जू उर्फ बिजेन्द्र पुत्र श्रीकृष्ण लोधी निवासी पुलिस चौकी के पास तारागंज लश्कर थाना जनकगंजए आनंद राणा पुत्र देवेन्द्र सिंह राणा उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम स्याबरी थाना बिजौलीए गंजी उर्फ जय जायसवाल पुत्र रमेश जायसवाल निवासी नाला के किनारे जीवाजीगंज लश्कर थाना जनकगंजए रविन्द्र राणा पुत्र शिवचरण राणा उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम स्याबरी थाना बिजौली एवं मनीष पुत्र जगदीश वर्मा निवासी गली नंण.4 मुड़िया पहाड़ नाका चंद्रबदनी थाना झाँसी रोड़ ग्वालियर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त डब्बू उर्फ इस्लाम पुत्र हैदर खान निवासी थोरात की गोठ लोहिया बाजार लश्कर को पुलिस थाना कोतवाली में 50 हजार रूपए का बंध पत्र प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए हैं।

## हथियारों सहित बदमाश गिरफ्तार



**ग्वालियर।** क्राइम ब्रांच व मोहना थाना पुलिस ने वारदात की नीयत से हथियार लेकर घूम रहे तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों से एक पिस्टल, दो कट्टे बरामद हुए हैं। पकड़े गए आरोपियों को हिरासत में लेकर क्राइम ब्रांच व मोहना थाना पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है कि वे किस वारदात के इरादे से आए थे। डीएसपी क्राइम रत्नेश सिंह तोमर ने बताया कि बीते रोज सूचना मिली थी कि एक बदमाश सिविल अस्पताल के सामने किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से खड़ा हुआ है। इसका पता चलते ही क्राइम ब्रांच की टीम सब इंस्पेक्टर नरेन्द्र सिसौदिया के नेतृत्व आरक्षक अनिल मौर्य, रोहित अहिरवार, लोकेन्द्र तोमर, राजेश तोमर, चंद्रवीर, देवेश कुमार, अरविन्द गुर्जर और नवीन पाराशर को आरोपी को पकडने के निर्देश दिए। जिस पर टीम ने सिविल अस्पताल के सामने खड़े एक युवक को पकड़ा और पूछताछ की तो उसने अपना नाम हितेन्द्र पुत्र ओमप्रकाश झा निवासी शक्ति आइस फैक्ट्री के पास बारादरी बताया। क्राइम ब्रांच ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वही बीती रात पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम चराई के पास दो युवक कट्टा लहराकर लोगों को धमका रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी मोहना केडी सिंह को बदमाशों को दबोचने के निर्देश दिए। जिस पर मोहना थाना पुलिस ने मौके से दो युवक दबोचे और उनसे कट्टे बरामद कर लिए हैं। पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम धर्मेन्द्र पुत्र दौलत सिंह निवासी सुभाषपुरा तथा दूसरे ने अपना नाम शकील पुत्र सुलेमान निवासी मोहना बताया है। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करना शुरू कर दिया है।

### दिल्ली पहुंचने से पहले ही कोरोना मरीज की मौत

**ग्वालियर।** शहर में एक कोरोना पॉजिटिव मरीज की हालत बिगड़ने पर उसे दिल्ली रेफर किया गया लेकिन दिल्ली पहुंचने से पहले ही नोएडा के पास उसकी मौत हो गई बाद में परिजन मृतक का शव लेकर ग्वालियर लौटे और कोरोना गाइडलाइन के अनुसार प्रशासन की देखरेख में उसका अंतिम संस्कार कराया गया! जानकारी के अनुसार ग्वालियर के विनय नगर सेक्टर 2 में रहने वाले अशोक अरोरा 63 साल को 12 अगस्त के दिन बुखार तथा सांस लेने में तकलीफ होने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था 13 अगस्त को उनकी रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई बाद में उन्हें इलाज के लिए कल्याण हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया गया था सोमवार की शाम उनकी हालत बिगड़ने पर यहां से उन्हें इलाज के लिए दिल्ली रेफर किया गया लेकिन दिल्ली पहुंचने से पहले ही नोएडा के पास उनकी मौत हो गई बाद में मृतक के परिजन उनका शव लेकर ग्वालियर आए यहां कोरोना गाइडलाइन के अनुसार मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया!

## इतनी बिजली कटौती क्यों ..मंत्री तोमर बिजली के बारे में दें जबाब : केके मिश्रा



**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं ग्वालियर-चंबल संभाग प्रभारी केके मिश्रा ने राज्य के उर्जा मंत्री से पूछा है कि राज्य में इतनी बिजली कटौती क्यों है। उन्होंने यह भी कहा कि आम , लोगों गरीबों और मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं को दो से बीस हजार तक के बिजली बिल सरकार द्वारा क्यों थमाए जा रहे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता मिश्रा ने आज पत्रकारों से चर्चा करते हुए आरोप लगाया कि लॉक डाउन में उद्योग धंधे बंद रहे बिजली की कम खपत के चलते घरेलू उपभोक्ताओं से भरपाई क्यों की जा रही है। मिश्रा ने उर्जा मंत्री से कहा कि समूचे प्रदेश में घंटों बिजली प्रदाय क्यों नहीं हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सस्ती और निर्बाध बिजली देने का एक विज्ञापन छह अगस्त को जारी किया गया। जिसमें सस्ती बिजली और निर्बाध बिजली का वायदा किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 21232 दमेगावॉट बिजली उपलब्ध है। फिर अनेक स्थानों पर पांच-पांच घंटे की कटौती क्यों की जा रही है। वहीं बिजली विभाग द्वारा मेंटेनेंस का बहाना क्यों बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के नंबरों को अब ब्लॉक किया जा रहा है। सरकार इन्वर्टर और जनरेटर बिक्री बढाने में दिलचस्पी रखती है। उर्जा मंत्री को उपभोक्ताओं के साथ हो रही लूट का जबाब देना चाहिये वहीं सुरक्षा निधि की बढी फीस को वापस देना चाहिये। उन्होंने कहा कि कमलनाथ सरकार में सौ रूपये में 100 यूनिट बिजली मिल रही थी। शिवराज सरकार क्यों उपभोक्ताओं को लूट रही है। पत्रकार वार्ता में प्रवक्ता अजीत सिंह भदौरिया, आरपी सिंह, रिषभ भदौरिया मीना भारद्वाज, जिला प्रवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा आदि मौजूद थे।


छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.

( Min. size 5×9 )

कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज

12×5 - 2000 रु

नि:शुल्क

बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

प्रतिभा हम निखारेंगे

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।

*हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।*

पुष्पांजली टुडे

E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com

Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207

नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे






स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478